AGRAWAL EXAMCART

Paper Pakka Fasega!



CTET

केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा-2023

Paper-2 (कक्षा 6 से 8 के लिए)

वर्ष 2011–2022 के पेपर्स का विश्लेषण चार्ट

100% पाठ्यक्रमानुसार

सम्पूर्ण गाइड बुक

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र |
हिन्दी भाषा | English Language|
सामाजिक विज्ञान

परीक्षा की अच्छी तैयारी वो भी कम समय में !

इस गाइड बुक की थ्योरी को काफी गहन अध्ययन के बाद तैयार किया गया है और हमारी आशा है कि यह पुस्तक आपकी परीक्षा की तैयारी और उसमें अच्छे अंक लाने के लिए पर्याप्त होगी।

मुख्य विशेषताएँ

- NCERT पैटर्न, CTET पाठ्यक्रम एवं विगत वर्षों के प्रश्नों पर आधारित थ्योरी
- 1700+ महत्वपूर्ण अध्यायवार प्रश्न
- 01 सॉल्व्ड पेपर (7 जनवरी 2022)

Code	Price	Pages	ISBN
CB1179	₹ 549	560	978-93-5561-226-7

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

Exam Information, Preparation Strategy and Current Affairs

⊙ **Agrawal Examcart Help Centre** x

⊙ **Student's Corner** xi

⊙ **केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पाठ्यक्रम एवं एग्जाम पैटर्न** xii

⊙ **C-TET (6-8) के पिछले वर्षों के हल प्रश्न–पत्रों का विश्लेषण चार्ट** xv

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र 1-165

1. विकास की अवधारणा एवं उसका अधिगम से सम्बन्ध एवं सिद्धान्त (Concept of Development and its Relationship with Learning and Principles) 1-31
2. वंशानुक्रम (आनुवंशिकता) एवं वातावरण का प्रभाव (Effect of Heredity and Environment) 32-39
3. समाजीकरण प्रक्रियाएँ (Socialization Processes) 40-42
4. पियाजे, कोहलबर्ग एवं वाइगोत्स्की : निर्माण एवं आलोचनात्मक दृष्टिकोण (Piaget, Kohlberg and Vygotsky : Constructs and Critical Perspectives) 43-51
5. बाल केन्द्रित एवं प्रगतिशील शिक्षा की अवधारणा (Concept of Child Centred and Progressive Education) 52-55
6. बुद्धि के निर्माण का आलोचनात्मक दृष्टिकोण एवं बहुआयामी बुद्धि (Critical Perspective of the Construct of Intelligence and Multi-Dimensional Intelligence) 56-69
7. भाषा और विचार (Language and Thought) 70-74
8. सामाजिक निर्माण के रूप में जेंडर : जेंडर की भूमिका, लिंग भेद और शैक्षिक अभ्यास (Gender as a Social Construct : Gender Roles, Gender Bias and Educational Practice) 75-79
9. व्यक्तिगत विभिन्नता (Individual Difference) 80-83
10. आकलन, मूल्यांकन तथा सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन (Assessment, Evaluation and Continuous and Comprehensive Evaluation) 84-97
11. उपलब्धि परीक्षण का निर्माण (Constructs of Achievement Test) 98-103
12. अलाभान्वित एवं वंचित वर्गों सहित विविध पृष्ठभूमियों के अधिगमकर्ता की पहचान (Addressing Learner from Diverse Background including Disadvantaged and Deprived) 104-121

13. अधिगम कठिनाइयाँ एवं अक्षमता वाले बालकों की आवश्यकताओं की पहचान
(Addressing the Needs of Children with Learning Difficulties and Impairment) 122-131

14. प्रतिभाशाली, सृजनात्मक, विशेष योग्यता वाले बालकों की पहचान
(Addressing the Talented, Creative, Specially-abled Learner) 132-139

15. बालकों का सोचना और सीखना (Learning and Thinking of Children) 140-149

16. समस्या–समाधानकर्ता और वैज्ञानिक अन्वेषक के रूप में बालक
(Child as a Problem Solver and a Scientific Investigator) 150-154

17. संज्ञान और संवेग (Cognition and Emotion) 155-158

18. अभिप्रेरणा और अधिगम : अधिगम में योगदान देने वाले कारक
(Motivation and Learning : Factors Contributing to Learning) 159-165

हिन्दी 166-264

1. अपठित गद्यांश एवं पद्यांश 166-173
2. हिन्दी व्याकरण 174-178
3. शब्द विचार 179-182
4. पर्यायवाची शब्द 183-185
5. विलोम शब्द 186-188
6. उपसर्ग एवं प्रत्यय 189-193
7. सन्धि 194-197
8. समास 198-201
9. अलंकार 202-204
10. वाक्य के भेद 205-208
11. वाक्यगत अशुद्धियाँ 209-210
12. वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ 211-213
13. वाक्यांश के लिए एक शब्द 214-216
14. मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ 217-219
15. छन्द 220-222
16. रस 223-226
17. भाषा विकास का शिक्षाशास्त्र 227-264

अंग्रेजी 265-362

1. Comprehension [Questions based on Inference, Grammar and Verbal Ability] 265-274
2. Pedagogy of Language Development 275-301
3. Vocabulary 302-308
4. Parts of Speech Noun 309-314

4.1. Pronoun 315-317
4.2. Verb 318-320
4.3. Adjective 321-325
4.4. Adverb 326-327
4.5. Preposition 328-331
4.6. Conjunction 332-334
4.7. The Interjection 335-335

5. Tenses 336-340
6. Articles 341-344
7. Fill in the Blanks 345-346
8. Clauses 347-348
9. Voice 349-354
10. Narration 355-359
11. Figures of Speech 360-362

सामाजिक अध्ययन 363-533

1. प्राचीन भारत का इतिहास 363-385
   - पाषाण काल या प्रागैतिहासिक काल (Stone Age or Prehistoric Time)
   - सिन्धु घाटी सभ्यता (2350 ई. पू.–1750 ई. पू.) (Indus Valley Civilization)
   - वैदिक सभ्यता एवं संस्कृति (Vedic Civilization & Culture)
   - वैदिक साहित्य (Vedic Literature)
   - धार्मिक आन्दोलन (Religious Movements)
   - संगम युग (Sangam Age)
   - छठी शताब्दी ई. पू. का भारत तथा महाजनपद काल (6th Century BC India & Mahajanpada Age)
   - मगध का उत्थान (Rise of Magadh)
   - सिकन्दर का आक्रमण (Alexander's Invasion)

अध्याय 2 वंशानुक्रम (आनुवंशिकता) एवं वातावरण का प्रभाव (Effect of Heredity and Environment)

आनुवंशिकता तथा वातावरण का अर्थ (Meaning of Heredity and Environment)

माता-पिता से उनके बच्चों में शारीरिक गुणों तथा संगठनों के जीन्स द्वारा होने वाले संचरण (transmission) का अध्ययन करने वाले विज्ञान को आनुवंशिकी की संज्ञा दी जाती है। इन्हीं जीन्स के द्वारा व्यक्ति अपने माता-पिता से उनके गुणों एवं शारीरिक संगठनों को प्राप्त करता है। इसे ही हम आनुवंशिकता कहते हैं।

जब पिता का शुक्राणु (sperm) माँ के अण्डाणु (ovum) से मिलता है, तो इससे गर्भधारण होता है। गर्भधारण के समय शुक्राणु के 23 क्रोमोसोम्स अण्डाणु के 23 क्रोमोसोम्स से मिलते हैं और इस तरह से क्रोमोसोम्स की कुल संख्या 46 अर्थात् 23 जोड़े हो जाते हैं। क्रोमोसोम्स का आकार धागे के समान लम्बा होता है और प्रत्येक क्रोमोसोम में जीन्स पाये जाते हैं जिनमें आनुवंशिक गुण संचित होते हैं। माता-पिता जो अपने माता-पिता से आनुवंशिक गुण प्राप्त करते हैं, अपने बच्चों को इन्हीं जीन्स के माध्यम से उन गुणों को तथा कुछ अपने व्यक्तित्व के गुणों को देते हैं। इस तरह स्पष्ट है आनुवंशिकता से तात्पर्य शारीरिक एवं मानसिक गुणों के संचरण से होता है जो माता-पिता से बच्चों में जीन्स के माध्यम से प्रवेश करते हैं।

वातावरण (Environment) से तात्पर्य उन सभी चीजों से (जीन्स को छोड़कर) होता है जो व्यक्ति को उत्तेजित और प्रभावित करते हैं। दूसरे शब्दों में, यह कहा जा सकता है कि व्यक्ति का वातावरण से तात्पर्य उन सभी तरह की उत्तेजनाओं से होता है जो गर्भधारण से मृत्यु तक उसे प्रभावित करते हैं। भौगोलिक वातावरण में अनेक चीजें या उद्दीपन हो सकते हैं, परन्तु व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक वातावरण में वे सभी सम्मिलित हों, यह आवश्यक नहीं। कोई भी उद्दीपन या घटना व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक वातावरण में तभी सम्मिलित मानी जाती है जब वह व्यक्ति को प्रभावित करती है। मनोविज्ञान में वातावरण से मतलब मनोवैज्ञानिक वातावरण से होता है।

व्यक्ति का व्यवहार आनुवंशिकता तथा वातावरण दोनों द्वारा ही निर्धारित होता है। आनुवंशिकता द्वारा व्यवहार के रचनातंत्र का निर्धारण होता है तथा वातावरण उस रचनातंत्र की चहारदीवारी के अन्तर्गत व्यवहार को एक निश्चित दिशा में विकसित करता है। अतः, व्यक्ति का प्रत्येक व्यवहार आनुवंशिकता तथा वातावरण दोनों की अंतःक्रिया का परिणाम होता है।

वुडवर्थ के अनुसार—"वंशानुक्रम उन सभी कारकों को सम्मिलित करता है जो व्यक्ति के जीवन प्रारम्भ करने के समय से ही उपस्थित होते हैं। जन्म के समय नहीं अपितु गर्भाधान के समय अर्थात् जन्म से नौ माह पूर्व ही उपस्थित होते हैं।"

"Heredity covers all the factors that were present in the individual when he began life, not at birth but at the time of conception about nine months before birth" —**Woodworth**

जेम्स ड्रेवर के अनुसार—"वंशानुक्रम से अभिप्राय माता और पिता के शारीरिक और मानसिक गुणों का संतानों में हस्तान्तरण है।"

"Heredity is the transmission of physical and mental characteristics from parents to offsprings." —**James Draver**

बोरिंग, लैंगफील्ड एवं वील्ड के अनुसार—"व्यक्ति के वातावरण के अन्तर्गत उन सभी उत्तेजनाओं का योग आता है जिन्हें वह जन्म से मृत्यु तक ग्रहण करता है।"

"A person's environment consists of the sum total of the stimulation which he receives from his conception until his death."

— **Boring, Langfield and Wield**

पी. जिसबर्ट के अनुसार—"पर्यावरण वे सभी वस्तुएँ हैं जो किसी एक वस्तु को चारों ओर से घेरे हुये हैं तथा उसे प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है।"

"Environment is anything immediately surrounding an object and exerting a direct influence on it." —**P. Gisburt**

वंशानुक्रम का नियम (Laws of Heredity)

वंशक्रम (Heredity) मनोवैज्ञानिकों तथा जीववैज्ञानिकों (Biologists) के लिए अत्यन्त रोचक तथा रहस्यमय विषय है। वंशक्रम जिन नियमों तथा सिद्धान्तों पर आधारित है, यह विषय भी अध्ययन के नये आयाम प्रस्तुत करता है। वंशानुक्रम के ये नियम सर्वाधिक प्रचलित हैं—

1. **बीजकोष की निरन्तरता का नियम** (Law of Continuity of Germ Plasm)—इस नियम के अनुसार, बालक को जन्म देने वाला बीजकोष कभी नष्ट नहीं होता। इस नियम के प्रतिपादक **वीजमैन** (Weismann) का कथन है—"बीजकोष का कार्य केवल उत्पादक कोषों (Germ Cells) का निर्माण करना है, जो बीजकोष बालक को अपने माता-पिता से मिलता है, उसे वह अगली पीढ़ी को हस्तान्तरित कर देता है। इस प्रकार, बीजकोष पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है।"

   वीजमैन के 'बीजकोष की निरन्तरता' के नियम को स्वीकार नहीं किया जाता है। इसकी आलोचना करते हुए **बी. एन. झा** (B. N. Jha) ने लिखा है—"इस सिद्धान्त के अनुसार माता-पिता, बालक के जन्मदाता न होकर केवल बीजकोष के संरक्षक हैं, जिसे वे अपनी सन्तान को देते हैं। बीजकोष एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को इस प्रकार हस्तान्तरित किया जाता है, मानो एक बैंक से निकलकर दूसरे में रख दिया जाता हो। बीजमैन का सिद्धान्त न तो वंशानुक्रम की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्याख्या करता है और न सन्तोषजनक ही है।"

   यह मत वंशक्रम की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्याख्या न कर पाने के कारण अमान्य है।

2. **समानता का नियम** (Law of Resemblance)—इस नियम के अनुसार, जैसे माता-पिता होते हैं, वैसी ही उनकी सन्तान होती है (Like tends of beget like)। इस नियम के अर्थ का स्पष्टीकरण करते हुए **सोरेनसन** (Sorenson) ने लिखा है—"बुद्धिमान माता-पिता के बच्चे बुद्धिमान, साधारण माता-पिता के बच्चे साधारण और मन्द-बुद्धि माता-पिता के बच्चे मन्द-बुद्धि होते हैं। इसी प्रकार, शारीरिक रचना की दृष्टि से भी बच्चे माता-पिता के समान होते हैं।

   यह नियम भी अपूर्ण है क्योंकि प्रायः देखा जाता है कि काले

माता-पिता की संतान गोरी, मंद बुद्धि माता-पिता की संतान बुद्धिमान होती है। इस नियम के अनुसार माता-पिता की विशेषतायें बालक के मूल रूप में आनी चाहिए।

3. **विभिन्नता का नियम** (Law of Variation)—इस नियम के अनुसार, बालक अपने माता-पिता के बिल्कुल समान न होकर उनसे कुछ भिन्न होते हैं। इसी प्रकार, एक ही माता-पिता के बालक एक-दूसरे के समान होते हुए भी बुद्धि, रंग और स्वभाव में एक-दूसरे से भिन्न होते हैं। कभी-कभी उनमें पर्याप्त शारीरिक और मानसिक विभिन्नता पाई जाती है। इसका कारण बताते हुए **सोरेनसन** (Sorenson) ने लिखा है—"इस विभिन्नता का कारण माता-पिता के उत्पादक-कोषों की विशेषतायें हैं। उत्पादक कोषों में अनेक पित्रयैक होते हैं, जो विभिन्न प्रकार से संयुक्त होकर एक-दूसरे से भिन्न बच्चों का निर्माण करते हैं।"

   भिन्नता का नियम प्रतिपादित करने वालों में डार्विन (Darwin) तथा लेमार्क (Lemark) ने अनेक प्रयोगों तथा विचारों द्वारा यह मत प्रकट किया है कि उपयोग न करने वाले अवयव तथा विशेषताओं का लोप आगामी पीढ़ियों में हो जाता है। नवोत्पत्ति (Mutation) तथा प्राकृतिक चयन (Natural Selection) द्वारा वंशक्रमीय विशेषताओं का उन्नयन होता है।

4. **प्रत्यागमन का नियम** (Law of Regression)—इस नियम के अनुसार, बालक में अपने माता-पिता के विपरीत गुण पाये जाते हैं। इस नियम का अर्थ स्पष्ट करते हुए **सोरेनसन** (Sorenson) ने लिखा है—"बहुत प्रतिभाशाली माता-पिता के बच्चों में कम प्रतिभा होने की प्रवृत्ति और बहुत निम्नकोटि के माता-पिता के बच्चों में कम निम्नकोटि होने की प्रवृत्ति ही प्रत्यागमन है।"

   प्रकृति का नियम यह है कि वह विशिष्ट गुणों के बजाय सामान्य गुणों का अधिक वितरण करके एक जाति के प्राणियों को एक ही स्तर पर रखने का प्रयास करती है। इस नियम के अनुसार, बालक अपने माता-पिता के विशिष्ट गुणों का त्याग करके सामान्य गुणों को ग्रहण करते हैं। यही कारण है कि महान् व्यक्तियों के पुत्र साधारणतः उनके समान महान् नहीं होते हैं, उदाहरणार्थ—बाबर, अकबर और महात्मा गाँधी के पुत्र उनसे बहुत निम्न कोटि के थे। इसके दो मुख्य कारण हैं—(1) माता-पिता के पित्रयैकों में से एक कम और एक अधिक शक्तिशाली होता है। (2) माता-पिता में उनके पूर्वजों में से किसी का पित्रयैक अधिक शक्तिशाली होता है।

5. **अर्जित गुणों के संक्रमण का नियम** (Inheritance of Acquired Traits)—इस नियम के अनुसार, माता-पिता द्वारा अपने जीवन-काल में अर्जित किये जाने वाले गुण उनकी सन्तान को प्राप्त नहीं होते हैं। इस नियम को अस्वीकार करते हुए विकासवादी **लेमार्क** (Lemarck) ने लिखा है—"व्यक्तियों द्वारा अपने जीवन में जो कुछ भी अर्जित किया जाता है, वह उनके द्वारा उत्पन्न किये जाने वाले व्यक्तियों को संक्रमित किया जाता है।" इसका उदाहरण देते हुए लेमार्क ने कहा है कि जिराफ पशु की गर्दन पहले बहुत-कुछ घोड़े के समान थी, पर कुछ विशेष परिस्थितियों के कारण वह लम्बी हो गई और कालान्तर में उसकी लम्बी गर्दन का गुण अगली पीढ़ी में संक्रमित होने लगा। **लेमार्क** के इस कथन की पुष्टि मैक्डूगल (McDougall) और पावलव (Pavlov) ने चूहों पर एवं हैरीसन (Harrison) ने पतंगों पर परीक्षण करके की है।

   आज के युग में विकासवाद या अर्जित गुणों के संक्रमण का सिद्धान्त स्वीकार नहीं किया जाता है। इस सम्बन्ध में **वुडवर्थ** (Woodworth) ने लिखा है—"वंशानुक्रम की प्रक्रिया के अपने आधुनिक ज्ञान से संपन्न होने पर यह बात प्रायः असंभव जान पड़ती है कि अर्जित गुणों को संक्रमित किया जा सके। यदि आप कोई भाषा बोलना सीख लें, तो क्या आप पित्रयैकों द्वारा इस ज्ञान को अपने बच्चे को संक्रमित कर सकते हैं ? इस प्रकार के किसी प्रमाण की पुष्टि नहीं हुई है। क्षय या सूजाक जैसा रोग, जो बहुधा परिवारों में पाया जाता है, संक्रमित नहीं होता है। बालक को यह रोग परिवार के पर्यावरण में छूत से होता है।"

6. **मैंडल का नियम** (Law of Mendel)—आनुवंशिकता की क्रियाविधि का वर्णन करने के लिए जोहान ग्रिगोर मैंडल (Johann Gregor Mendel) ने महत्वपूर्ण कार्य किया। अपनी छोटी-सी वाटिका में उन्होंने विभिन्न तरह के मटरों का संकरित कर आनुवंशिकता के आधारभूत नियमों का प्रतिपादन किया। उन्होंने अपने विस्तृत प्रयोगों के परिणाम को 1866 में प्रकाशित किया, लेकिन कई कारणों से उनके प्रयोगों की ओर 1900 तक लोगों का ध्यान बहुत नहीं गया। उसी साल तीन शोधकर्ता नेदरलैण्ड, आस्ट्रिया तथा जर्मनी में स्वतंत्र रूप से प्रयोग कर उसी परिणाम पर पहुँचे जिस पर मैंडल करीब 34 साल पहले ही पहुँचे थे। इन तीन शोधकर्ताओं ने मैंडल के नियमों को वैध ठहराया और उन्हें 'आनुवंशिकता का आधारभूत नियम' (Cardinal Principle or Law of Heredity) की संज्ञा दी।

   मैंडल ने अपने प्रयोग में मटर के पौधों के गुणों, जैसे बैंगनी और उजले फूल वाले पौधों, लम्बा तथा नाटा डंठल वाले पौधों, हरी और पीली फली वाले पौधों, चिकना तथा शिकनदार बीज उत्पन्न करने वाले पौधों, बड़ी फली तथा छोटी फली वाले पौधों को संकरित किया तथा उनके गुण में होने वाले परिवर्तनों का कई पीढ़ियों तक अध्ययन किया। उन्होंने अपने सभी प्रयोगों में जिनमें दो अलग-अलग गुणों को संकरित किया गया था, एक ही तरह के परिणाम पाए। जैसे उन्होंने अपने एक प्रयोग में बैंगनी तथा उजले फूल देने वाले मटर के पौधों को संकरित कर निषेचित किया। परिणाम में देखा गया कि दूसरी पीढ़ी के इस संकरित पौधे में जब फूल लगा, तो वे सभी बैंगनी रंग के थे। कोई भी फूल उजला रंग का नहीं था। इसके बाद जब दूसरी पीढ़ी के पौधे से प्राप्त बीज को पुनः बोया गया तो अब इस तीसरी पीढ़ी के 75% फूल बैंगनी रंग के थे तथा 25% फूल उजले रंग के। दूसरे शब्दों में तीसरी पीढ़ी के पौधों में फूल बैंगनी रंग और उजला रंग 3 : 1 के अनुपात में देखे गए। कई पीढ़ियों तक प्रयोग करने के बाद मैंडल ने देखा कि अंत में दोनों प्रकार के मटर के पौधे अपने मूल रूप में आ गए। मैंडल के प्रयोग से स्पष्ट हुआ कि भिन्न-भिन्न लक्षणों या गुणों वाली एक ही जाति की दो वस्तुओं को संकरित कर निषेचित किया जाए तो ठीक इसके बाद आने वाली पीढ़ी (यानी दूसरी पीढ़ी) में उस संकरण का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलता है। आगे कई पीढ़ियों के बाद ये दोनों वस्तुएँ अपने मूल रूप को पुनः प्राप्त कर लेती हैं।

   मैंडल ने अपने परिणाम की व्याख्या प्रबल जीन तथा अप्रबल जीन के रूप में की है। जीन के जोड़े का एक जीन जब प्रबल और दूसरा जीन जब अप्रबल होता है, तो ऐसे जीन्स को एलेल्स कहा जाता है। मैंडल ने प्रबल जीन को बड़ा अक्षर जैसे A द्वारा संकेतित किया तथा अप्रबल जीन को छोटे अक्षर जैसे a द्वारा संकेतित किया। मटर के पौधे में बैंगनी रंग का जीन प्रबल जीन होता है। दूसरी पीढ़ी में मटर के पौधे के सभी फूल बैंगनी होने का कारण यह था कि बैंगनी रंग का जीन एक प्रबल जीन होता है। परन्तु, इसका मतलब यह नहीं कि बैंगनी रंग का जीन—जो एक प्रबल जीन है—अप्रबल जीन को समाप्त कर देता है। बल्कि, सच्चाई यह है कि अप्रबल जीन का प्रभाव सिर्फ उस पीढ़ी में

दब जाता है, परन्तु बाद की पीढ़ियों में आने लगता है।

मैंडल के इस आनुवंशिकता के सिद्धान्त में दो नियम सम्मिलित हैं—

(क) पृथक्करण का सिद्धान्त (Principle of Segregation),

(ख) स्वतंत्र छटाई का सिद्धान्त (Principle of Independent Assortment)

पृथक्करण का सिद्धान्त यह बताता है कि जो गुण पहली संकर पीढ़ी में दबा रहता है या छिपा रहता है (अप्रबल जीन्स) वे समाप्त नहीं हो जाते, बल्कि बाद की संकर पीढ़ी के कुछ सदस्यों में दिखाई देते हैं। इस तरह से उनका कहना था कि दबे हुए गुण अन्य गुणों के साथ मिलकर अपना अस्तित्व नहीं खो देते हैं, बल्कि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी और फिर इसी तरह दूसरी पीढ़ी से तीसरी पीढ़ी तक अपने मूल रूप में अलग अस्तित्व बनाए रखते हैं।

स्वतंत्र छटाई का सिद्धान्त यह बताता है कि किसी एक आनुवंशिक गुण का वितरण दूसरे आनुवंशिक गुण के वितरण से प्रभावित नहीं होता, अर्थात् स्वतंत्र होता है। जैसे मैंडल ने अपने प्रयोग में पाया कि मटर के पौधे के फूल का रंग मटर के फली के आकार, डंठल की लम्बाई आदि गुणों से स्वतंत्र होता है।

मटरों के समान **मैंडल** ने चूहों पर भी प्रयोग किया। उसने सफेद और काले चूहों को साथ-साथ रखा। इनसे जो चूहे उत्पन्न हुए, वे काले थे। फिर उसने इन वर्णसंकर काले चूहों को एक साथ रखा। इनसे उत्पन्न होने वाले चूहे, काले और सफेद दोनों रंगों के थे।

अपने प्रयासों के आधार पर **मैंडल** ने यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया कि वर्णसंकर प्राणी या वस्तुएँ अपने मौलिक या सामान्य रूप की ओर अग्रसर होती हैं। **यही सिद्धान्त "मैंडलवाद** (Mendelism)" **के नाम से प्रसिद्ध है।**

ऊपर के विवरण से स्पष्ट है कि प्रकृति आनुवंशिकता के मामले में पीढ़ी-दर-पीढ़ी के बाद स्वयं शुद्धता एवं संतुलन बनाने के लिए प्रयत्नशील रहती है। व्यक्तियों की आनुवंशिकता के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं का महत्व सर्वाधिक बताया गया है—

(i) बालक की आनुवंशिकता में केवल उसके माता-पिता की ही देन नहीं होती, बल्कि बालक की आनुवंशिकता का आधा भाग माता-पिता से, एक-चौथाई भाग दादा-दादी, नाना-नानी से, शेष भाग परदादा-परदादी, परनाना-परनानी आदि से मिलता है। इसलिए एक शिशु पूर्णतः अपने माता-पिता पर ही निर्भर नहीं करता और अपने पूर्वजों के गुणों को अपने में कुछ हद तक सम्मिलित किए रहता है।

(ii) क्रोमोसोम्स सदा जोड़े में रहते हैं। क्रोमोसोम्स में जीन भी जोड़े में होते हैं। इन्हीं जीन्स के आधार पर शिशुओं के गुणों का निर्धारण होता है। शिशु अपने माता या पिता के लक्षण सहित पैदा हो सकता है। जैसे मान लिया जाए कि पिता का कद नाटा और रंग गोरा है और माता का कद लम्बा तथा रंग साँवला है तो शिशु लम्बा और गोरा या नाटा एवं साँवला हो सकता है।

(iii) किसी भी नवजात शिशु को 23 क्रोमोसोम्स माता से तथा 23 क्रोमोसोम्स पिता से मिलते हैं। इस तरह से कुल 46 क्रोमोसोम्स या 23 जोड़े क्रोमोसोम्स नवजात शिशु में होते हैं। इनमें 22 जोड़े यानी 44 क्रोमोसोम्स बालक या बालिका में आकार एवं विस्तार में समान होते हैं। इन्हें आटोजोम्स कहा जाता है। 23वाँ जोड़ा यौन क्रोमोसोम्स होता है जो बालिका में समान अर्थात् XX होता है, परन्तु बालक में भिन्न अर्थात् XY होता है। Y क्रोमोसोम्स X क्रोमोसोम्स की अपेक्षा छोटा होता है तथा इसमें X क्रोमोसोम्स की तुलना में कम जीन्स होते हैं। मानव में शिशु के यौन का निर्धारण पिता द्वारा होता है (क्योंकि पिता में XY होते हैं) न कि माता द्वारा (जिसमें हमेशा XX क्रोमोसोम्स ही होते हैं)।

वंशानुक्रम की प्रक्रिया
(Process of Heredity)

मानव शरीर की प्रत्येक कोशिका के केन्द्रक में छड़ी के आकार की संरचना होती है जिसे क्रोमोसोम्स की संज्ञा दी जाती है। इसकी संख्या प्रत्येक कोशिका के केन्द्रक में 46 यानी 23 जोड़ा होती है। परन्तु, जनन कोशिका के केन्द्रक में मात्र 23 क्रोमोसोम्स ही पाये जाते हैं। हाँ, जब पुरुष के टेस्टीज से निकलने वाले शुक्राणु की कोशिका स्त्री के ओवरी से निकलने वाले अण्डाणु की कोशिका से मिलती है जिसके फलस्वरूप गर्भधारण होता है, तो शुक्राणु के 23 क्रोमोसोम्स तथा अण्डाणु के 23 क्रोमोसोम्स दोनों मिलकर नए जीव में क्रोमोसोम्स की उचित संख्या अर्थात् 46 यानी 23 जोड़ा बना देता है। इनमें क्रोमोसोम्स के 22 जोड़ों का आकार स्त्री और पुरुष दोनों में ही समान होता है और इन्हें आटोजोम्स कहा जाता है। क्रोमोसोम्स का 23वाँ जोड़ा सेक्स क्रोमोसोम्स होता है जो स्त्री में तो समान होता है, परन्तु पुरुष में भिन्न। सेक्स क्रोमोसोम्स दो तरह के होते हैं—एक लम्बा क्रोमोसोम्स तथा दूसरा नाटा क्रोमोसोम्स कहा जाता है। पिता में X तथा Y क्रोमोसोम्स दोनों होते हैं जबकि माँ में सिर्फ X क्रोमोसोम्स होते हैं। जब पिता के वैसे शुक्राणु जिसमें X क्रोमोसोम्स होते हैं, माँ के अण्डाणु के X क्रोमोसोम्स से मिलते हैं, तो ऐसी अवस्था में लड़की उत्पन्न होती है, परन्तु जब पिता के वैसे शुक्राणु जिसमें Y क्रोमोसोम्स होते हैं, माँ के X क्रोमोसोम्स से मिलता है तो ऐसी अवस्था में लड़का उत्पन्न होता है।

क्रोमोसोम्स में ही एक विशेष संरचना होती है जिसे जीन कहा जाता है। इन्हीं जीन्स के द्वारा माता-पिता के अपने तथा अपने पुरखों के गुण अपने पुत्र या पुत्रियों में जाते हैं। एक ही क्रोमोसोम्स में सैकड़ों जीन्स हो सकते हैं और प्रत्येक जीन्स का सम्बन्ध एक खास गुण के निर्धारण से होता है। 1950 में विशेषज्ञों द्वारा यह पता लगाया गया है कि जीन में मुख्य रूप से दो जैविक अणु होते हैं जिन्हें डी. एन. ए. या Deoxyribonucleic acid तथा आर. एन. ए. या Ribonucleic acid कहा जाता है। DNA में विशेष गुण जो मूलतः माता-पिता से मिले होते हैं, संचित रहता है तथा इससे इस बात का निर्धारण होता है कि जीव किस प्रकार का शीलगुण विकसित करेगा। RNA द्वारा DNA के संदेशों को ढोया जाता है। इस तरह स्पष्ट है कि जीन्स द्वारा ही मूलतः आनुवंशिक गुणों का संचरण होता है।

क्रोमोसोम्स के जोड़े के दोनों सदस्यों में एक ही गुण वाले जीन्स होते हैं और इसलिए जीन्स के भी जोड़े होते हैं। ये दोनों जीन्स अपने-अपने क्रोमोसोम्स में एक खास जगह पर होते हैं। ऐसे क्रोमोसोम्स को होमोलोगस क्रोमोसोम्स तथा ऐसे जीन्स को होमोलोगस जीन्स कहा जाता है। ये दोनों होमोलोगस जीन्स समरूप या असमान हो सकते हैं। जब वे समान होते हैं, तो जीव निश्चित रूप से सम्बन्धित गुण दिखाता है। जैसे मान लिया जाए कि ये दोनों जीन्स हकलाने के ही है, तो शिशु अवश्य हकलाएगा। ऐसा भी सम्भव है कि ये दोनों जीन्स समरूप न होकर असमान हो। ऐसे जीन्स को ऐलेल्स कहा जाता है। जैसे सम्भव है कि जोड़े का एक जीन हकलाने का हो और दूसरा जीन सामान्य ढंग से बातचीत करने का हो। ऐसी अवस्था में जीव में कौन-सा गुण विकसित होगा, यह निर्भर इस बात पर करता है कि इन दोनों में कौन-सा जीन प्रबल है तथा कौन अप्रबल? प्रबल जीन वैसे जीन को कहा

जाता है जो अप्रबल जीन के साथ होने पर अपना गुण संतान में अधिक दिखाता है, परन्तु अप्रबल जीन के गुण को पूर्णतः समाप्त नहीं कर देता। कभी जब अगली पीढ़ी में या उससे अगली पीढ़ी में इस तरह के अप्रबल जीन एकसाथ मिलते हैं तो अपना गुण संतान में दिखा देते हैं। जब होमोलोगस जीन्स के जोड़े का एक जीन हकलाने का है और दूसरा जीन सामान्य ढंग से बातचीत करने का है, तो बालक सामान्य ढंग से ही बातचीत करेगा; क्योंकि यह जीन हकलाने वाले जीन से अधिक प्रबल होता है। सामान्यतः अप्रबल जीन से सम्बद्ध गुण बालक में तभी देखे जाते हैं जब एक ही गुण के दोनों जीन समरूप हों। जब किसी गुण से सम्बन्धित दोनों जीन्स बालक में समरूप होते हैं तो वैसे बालक को होमोजाइगोअस बालक कहा जाता है, परन्तु जब वे भिन्न-भिन्न होते हैं तो उसे हेट्रोजाइगोअस बालक कहा जाता है।

कुछ अज्ञात कारणों से कभी-कभी कुछ व्यक्तियों में सामान्य से अधिक X या Y क्रोमोजोम्स पाये जाते हैं। जन्म के पहले दिन यदि बच्चे के शरीर से खून लेकर एक विशेष प्रविधि, जिसे कैरियोटाईपिंग कहा जाता है, द्वारा यदि जाँच की जाए, तो यह स्पष्ट रूप से पता चल जायेगा कि उस बच्चा या बच्ची में क्रोमोसोम्स का सामान्य जोड़ा अर्थात् XY या XX है या इस सामान्य संख्या से X या Y ज्यादा या कम संख्या में है। क्रोमोसोम्स के जोड़े में वैसे तो कई तरह की असामान्यताएँ पाई जाती हैं, परन्तु उसमें प्रमुख असामान्यताएँ हैं— XXY की असामान्यता, XYY की असामान्यता तथा XO की असामान्यता। XXY की असामान्यता में व्यक्ति देखने में पुरुष जैसा लगता है, परन्तु सचमुच वह अप्रजायी होता है। इसे क्लाइनफेल्टर्स सलक्षण भी कहा जाता है। XO की असामान्यता में महिला होते हुए भी उसमें महिला का गुण नहीं पाया जाता है तथा वह बाँझ होती है। इसे टर्नर्स सलक्षण भी कहा जाता है। XYY की असामान्यता होने पर पुरुष अपराधी हो जाता है।

बालक पर वंशानुक्रम का प्रभाव (Influence of Heredity on Child)

कुछ मनोवैज्ञानिकों के आधार पर वंशानुक्रम के प्रभाव का वर्णन निम्न प्रकार है—

1. **मूल-शक्तियों पर प्रभाव—थार्नडाइक** (Thorndike) का मत है कि बालक की मूल शक्तियों का प्रधान कारण उसका वंशानुक्रम है।
2. **शारीरिक लक्षणों पर प्रभाव—कार्ल पीयरसन** (Karl Pearson) का मत है कि यदि माता- पिता की लम्बाई कम या अधिक होती है तो उनके बच्चे की भी लम्बाई कम या अधिक होती है।
3. **प्रजाति की श्रेष्ठता पर प्रभाव—क्लिनबर्ग** (Klinberg) का मत है कि बुद्धि की श्रेष्ठता का कारण प्रजाति है। यही कारण है कि अमरीका की श्वेत प्रजाति, नीग्रो प्रजाति से श्रेष्ठ है।
4. **व्यावसायिक योग्यता पर प्रभाव—कैटल** (Cattell) का मत है कि व्यावसायिक योग्यता का मुख्य कारण वंशानुक्रम है। वह इस निष्कर्ष पर अमरीका के 885 वैज्ञानिकों के परिवारों का अध्ययन करने के परिणामस्वरूप पहुँचा। उसने बताया कि इन परिवारों में से 2/5 व्यवसायी-वर्ग के, 1/2 उत्पादक-वर्ग के और केवल 1/4 कृषि-वर्ग के थे।
5. **चरित्र पर प्रभाव—डगडेल** (Dugdale) का मत है कि चरित्रहीन माता-पिता की सन्तान चरित्रहीन होती है। उसने यह बात सन् 1877 ई. में ज्यूस (Jukes) के वंशजों का अध्ययन करके सिद्ध की। 1720 में न्यूयार्क में जन्म लेने वाला ज्यूकस एक चरित्रहीन मनुष्य था और उसकी पत्नी भी उसके समान चरित्रहीन थी। इन दोनों के वंशजों के सम्बन्ध में **नन** (Nunn) ने लिखा है—"पाँच पीढ़ियों में लगभग 1,000 व्यक्तियों में से 300 बाल्यावस्था में मर गए, 310 ने 2,300 वर्ष दरिद्रगृहों में व्यतीत किए, 440 रोग के कारण मर गए, 130 (जिनमें 7 हत्या करने वाले थे) दण्ड-प्राप्त अपराधी थे और केवल 20 ने कोई व्यवसाय करना सीखा।"
6. **महानता पर प्रभाव—गाल्टन** (Galton) का मत है कि व्यक्ति की महानता का कारण उसका वंशानुक्रम है। यह वंशानुक्रम का ही परिणाम है कि व्यक्तियों के शारीरिक और मानसिक लक्षणों में विभिन्नता दिखाई देती है। व्यक्ति का कद, वर्ण, वजन, स्वास्थ्य, बुद्धि, मानसिक शक्ति आदि उसके वंशानुक्रम पर आधारित रहते हैं। **गाल्टन** ने लिखा है—"महान् न्यायाधीशों, राजनीतिज्ञों, सैनिक पदाधिकारियों, साहित्यकारों, वैज्ञानिकों और खिलाड़ियों के जीवन-चरित्रों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि इनके परिवारों में इन्हीं क्षेत्रों में प्रशंसा-प्राप्त अन्य व्यक्ति भी हुए हैं।"
7. **वृद्धि पर प्रभाव—गोडार्ड** (Goddard) का मत है कि मन्द-बुद्धि माता-पिता की सन्तान मन्द-बुद्धि और तीव्र-बुद्धि माता-पिता की संतान तीव्र-बुद्धि वाली होती है। उसने यह बात कालीकॉक (Kallikak) नामक एक सैनिक के वंशजों का अध्ययन करके सिद्ध की। कालीकॉक ने पहले एक मन्द-बुद्धि स्त्री से और कुछ समय के बाद एक तीव्र-बुद्धि की स्त्री से विवाह किया। पहली स्त्री के 480 वंशजों में से 143 मन्द-बुद्धि, 46 सामान्य, 36 अवैध सन्तान, 32 वेश्यायें, 24 शराबी, 8 वेश्यालय- स्वामी, 3 मृगी-रोग वाले और 3 अपराधी थे। दूसरी स्त्री के 496 वंशजों में से केवल 3 मन्द-बुद्धि और चरित्रहीन थे। शेष ने व्यवसायियों, डाक्टरों, शिक्षकों, वकीलों आदि के रूप में समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त किए।

बालक पर वातावरण का प्रभाव (Influence of Environment on Child)

कुछ मनोवैज्ञानिकों के अनुसार वातावरण के प्रभाव का वर्णन निम्न प्रकार है—

1. **शारीरिक अन्तर पर प्रभाव—फ्रेंज बोन्स** (Franz Bons) का मत है कि विभिन्न प्रजातियों के शारीरिक अन्तर का कारण वंशानुक्रम न होकर वातावरण है। उसने अनेक उदाहरण देकर सिद्ध किया है कि जो जापानी और यहूदी, अमरीका में अनेक पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं, उनकी लम्बाई भौगोलिक वातावरण के कारण बढ़ गयी है।
2. **मानसिक विकास पर प्रभाव—गोर्डन** (Gordon) का मत है कि उचित सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण न मिलने पर मानसिक विकास की गति धीमी हो जाती है। उसने यह बात नदियों के किनारे रहने वाले बच्चों का अध्ययन करके सिद्ध की। इन बच्चों का वातावरण गन्दा और समाज के अच्छे प्रभावों से दूर था।
3. **प्रजाति की श्रेष्ठता पर प्रभाव—क्लार्क** (Clark) का मत है कि कुछ प्रजातियों की बौद्धिक श्रेष्ठता का कारण वंशानुक्रम न होकर वातावरण है। उसने यह बात अमरीका के कुछ गोरे और नीग्रो लोगों की बुद्धि-परीक्षा लेकर सिद्ध की। उसके समान अनेक अन्य विद्वानों का मत है कि नीग्रो प्रजाति की बुद्धि का स्तर इसलिए निम्न है, क्योंकि उनको अमरीका की श्वेत प्रजाति के समान शैक्षिक, सांस्कृतिक और सामाजिक वातावरण उपलब्ध नहीं है।
4. **बुद्धि पर प्रभाव—कैंडोल** (Candolle) का मत है कि बुद्धि के विकास में वंशानुक्रम की अपेक्षा वातावरण का प्रभाव कहीं अधिक पड़ता है। उसने यह बात 552 विद्वानों का अध्ययन करके सिद्ध की। ये विद्वान् लन्दन की **'रॉयल सोसायटी'**, पेरिस की **'विज्ञान अकादमी'**, और बर्लिन की **'रॉयल अकादमी'** के सदस्य थे।

5. **व्यक्तित्व पर प्रभाव—कूले** (Colley) का मत है कि व्यक्तित्व के निर्माण में वंशानुक्रम की अपेक्षा वातावरण का अधिक प्रभाव पड़ता है। उसने सिद्ध किया है कि कोई भी व्यक्ति उपयुक्त वातावरण में रहकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करके महान् बन सकता है। उसने यूरोप के 71 साहित्यकारों के उदाहरण देकर बताया है कि **बनयान** (Banyan) और **बर्न्स** (Burns) का जन्म निर्धन परिवारों में हुआ था, फिर भी वे अपने व्यक्तित्व का निर्माण करके महान् बन सके। इसका कारण केवल यह था कि उनके माता-पिता ने उनको उत्तम वातावरण में रखा।

6. **अनाथ बच्चों पर प्रभाव**—समाज-कल्याण केन्द्रों में अनाथ और परावलम्बी बच्चे आते हैं। वे साधारणतः निम्न परिवारों के होते हैं, पर केन्द्रों में उनका अच्छी विधि से पालन किया जाता है, उनको अच्छे वातावरण में रखा जाता है और उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाता है।

7. **जुड़वाँ बच्चों पर प्रभाव**—जुड़वाँ बच्चों के शारीरिक लक्षणों, मानसिक शक्तियों और शैक्षिक योग्यताओं में अत्यधिक समानता होती है। **न्यूमैन** (Newman), **फ्रीमैन** (Freeman) और **होलजिंगर** (Holzinger) ने 20 जोड़े जुड़वाँ बच्चों को अलग-अलग वातावरण में रखकर उनका अध्ययन किया। उन्होंने एक जोड़े के एक बच्चे को गाँव के फार्म पर और दूसरे को नगर में रखा। बड़े होने पर दोनों बच्चों में पर्याप्त अन्तर पाया गया। फार्म का बच्चा अशिष्ट, चिन्ताग्रस्त और कम बुद्धिमान था। उसके विपरीत, नगर का बच्चा शिष्ट, चिन्तामुक्त और अधिक बुद्धिमान था।

   स्टीफैन्स (Stephens) का विचार है—"इस प्रकार के अध्ययनों से हम यह निर्णय कर सकते हैं कि पर्यावरण का बुद्धि पर साधारण प्रभाव होता है और उपलब्धि पर अधिक विशेष प्रभाव होता है।"

8. **बालक पर बहुमुखी प्रभाव**—वातावरण, बालक के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक आदि सभी अंगों पर प्रभाव डालता है। इसकी पुष्टि 'एवेरॉन के जंगली बालक' के उदाहरण से की जा सकती है। इस बालक को जन्म के बाद ही भेड़िया उठा ले गया था और उसका पालन-पोषण जंगली पशुओं के बीच में हुआ था। कुछ शिकारियों ने उसे सन् 1799 में पकड़ लिया। उस समय उसकी आयु 11 या 12 वर्ष की थी। उसकी आकृति पशुओं की-सी थी और वह उनके समान हाथों-पैरों से चलता था। वह कच्चा माँस खाता था। उसमें मनुष्य के समान बोलने और विचार करने की शक्ति नहीं थी। उसको मनुष्य के समान सभ्य और शिक्षित बनाने के सब प्रयास विफल हुए।

   भारत में रामू नामक भेड़िया बालक एवं अमला तथा कमला नामक भेड़िया बालिकाओं के उदाहरण वातावरण का महत्त्व सिद्ध करते हैं। कास्पर हाउजर (Casper Houser) नामक राजकुमार को शैशवावस्था से राजनैतिक कारणों से समाज से पृथक् रखा गया। वह केवल उन्हीं ध्वनियों को, जिन्हें उसने सुना होगा, उच्चरित कर सकता था।

वंशानुक्रम व वातावरण का सम्बन्ध एवं सापेक्षिक महत्व (Relation and Comparative Importance of Heredity and Environment)

वंशानुक्रम तथा वातावरण, एक-दूसरे से पृथक् नहीं हैं। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। बीज तथा खेत जैसा इनका सम्बन्ध है। एक के बिना दूसरे की सार्थकता नहीं है। स्वस्थ बीज तभी स्वस्थ पौधे का रूप धारण कर सकता है जबकि वातावरण स्वस्थ एवं सन्तुलित हो। अच्छी खाद, समय पर पानी, धरती की तैयारी, निराई-गुड़ाई आदि वातावरण की सृष्टि करती हैं। **लैण्डिस** और **लैण्डिस** ने इसीलिये कहा है—"वंशक्रम हमें विकसित होने की क्षमतायें प्रदान करता है। इन क्षमताओं के विकसित होने के अवसर हमें वातावरण से मिलते हैं, वंशक्रम हमें कार्यशील पूँजी देता है और परिस्थिति हमें इसको निवेश करने के अवसर प्रदान करती है।"

"Heredity gives the capacities to be developed but opportunity for the development of these capacities must come from environment. Heredity gives us working capital, environment gives us the opportunity to invest it." —**Landis** and **Landis**

बालक के विकास में वंशानुक्रम और वातावरण में से कौन अधिक महत्वपूर्ण है, यह निश्चित रूप से कहना सम्भव नहीं प्रतीत होता है। मानव- विकास में दोनों का अपने-अपने स्थान पर महत्व है। दोनों में से किसी एक की अवहेलना करके मानव के सामाजिक विकास का अध्ययन नहीं किया जा सकता। वास्तव में विकास कार्य में दोनों एक-दूसरे के पूरक और सहायक हैं। मनोवैज्ञानिक वुडवर्थ ने बीज और धरती का उदाहरण देकर दोनों की तुलना करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अच्छी उपज के लिए उत्तम बीज और उत्तम धरती का होना आवश्यक है। एक अच्छा बीज सुन्दर, स्वस्थ और लहलहाता हुआ पौधा तभी बन सकता है जब कि हम उसे अच्छी भूमि में बोयें और उसे अच्छी खाद, समय पर पानी और निराई-गुड़ाई की सुविधा प्रदान करें। हम लाख प्रयत्न करके आलू के बीज से टमाटर का पौधा नहीं तैयार कर सकते, किन्तु अच्छी खाद और समय पर पानी तथा निराई-गुड़ाई करने से एक ही पौधे के अच्छे नमूने और इन सबके अभाव में उसी पौधे से खराब प्रकार के नमूने दिखाई पड़ सकते हैं। अतः बीज के अच्छे होने और धरती के खराब होने पर उपज अच्छी नहीं हो सकती। उसी प्रकार धरती बहुत अच्छी हो और बीज खराब हो तो भी उपज अच्छी नहीं हो सकती। यहाँ जो सम्बन्ध बीज और धरती का है वही सम्बन्ध वंशक्रम और वातावरण का है। विभिन्न परीक्षणों द्वारा भी यह सिद्ध किया गया है कि वंशानुक्रम और वातावरण दोनों ही मानव-विकास में सापेक्षिक प्रभाव डालते हैं और ये दोनों पृथक् नहीं हैं। दोनों को किसी भी स्थिति में अलग करके विचार नहीं किया जा सकता। **मैकाइवर** और **पेज** ने इन दोनों के सापेक्ष महत्व को स्वीकार करते हुए कहा है—''जीवन की प्रत्येक घटना दोनों का परिणाम होती है। किसी भी निश्चित परिणाम के लिए एक उतनी ही आवश्यक है जितनी कि दूसरी। कोई भी न तो हटाई जा सकती है और न ही कभी पृथक् की जा सकती है।''

"Every phenomenon of life is the product of both. Each is as necessary to the result as the other. Neither can ever be eliminated and neither can ever be isolated." —**MacIver** and **Page**

मानव के विकास में वंशक्रम और वातावरण दोनों का समान योग है। **वुडवर्थ** और **मारिक्वस** के अनुसार—''व्यक्ति वंशानुक्रम और वातावरण का योगफल नहीं वरन् दोनों तत्वों का गुणनफल है।'' अर्थात् ''विकास = वंशानुक्रम × वातावरण। वंशानुक्रम को व्यक्ति बीज रूप में प्राप्त करता है और बीज का विकास उचित पोषण द्वारा होता है। इस प्रकार वंशानुक्रम वह गुण है जो उपयुक्त पर्यावरण में ही यथार्थता प्राप्त करता है जैसा कि **मैकाइवर** और **पेज** ने कहा है—''जीवन के सभी गुण वंशक्रम में हैं, इन गुणों का प्रकट होना पर्यावरण पर निर्भर करता है।''

"All the qualities of life are in the heredity, all the evocation of qualities depend on the environment."

अन्त में हम कह सकते हैं कि बालक के व्यक्तित्व के विकास में ये दोनों कारक महत्वपूर्ण हैं। इन दोनों कारकों पर ध्यान देते हुए शिक्षकों और अभिभावकों को बालक के विकास में सहयोग देना चाहिए।

बालक के विकास में वंशानुक्रम और वातावरण की भूमिका (Role of Heredity and Environment in the Development of Child)

मानव विकास के संदर्भ में वंशानुक्रम सम्बन्धी जितने अध्ययन या प्रयोग हुए हैं, उनसे प्रतीत होता है कि मनुष्य के विकास पर वंशानुक्रम का ही प्रभाव पड़ता है तथा वातावरण सम्बन्धी जितने अध्ययन या प्रयोग किए गए हैं उनसे लगता है कि मनुष्य के विकास का मूल कारक वातावरण है। वंशानुक्रम और वातावरण में कौन अधिक महत्वपूर्ण है, यह निश्चित रूप से कहना मुश्किल है। बालक के विकास में दोनों का अपना-अपना महत्वपूर्ण स्थान है। दोनों में से किसी एक को महत्व देकर और दूसरे की अवहेलना करना उचित नहीं है। वास्तव में विकास कार्य में दोनों एक-दूसरे के पूरक और सहायक हैं।

बालक के विकास में वंशानुक्रम और वातावरण की भूमिका को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है–

1. **वंशानुक्रम व वातावरण की अपृथकता** (Non-seperation of Heredity and Environment)–बालक के व्यक्तित्व के किसी भी विशेष गुण या विशेषता के बारे में यह नहीं कहा जा सकता है कि यह वंशानुक्रम के कारण है अथवा वातावरण के। वास्तव में वंशानुक्रम और वातावरण की संयुक्त देन ही व्यक्तित्व है। मैकाइवर और पेज के उपरोक्त कथन से इस बात को बल मिलता है।

2. **वंशानुक्रम और वातावरण का परस्पर सहयोगी प्रभाव** (Co-acting influences of Heredity and Environment)–बालक के विकास में वंशानुक्रम और वातावरण दोनों में से कौन अधिक महत्वपूर्ण है, यह कहना संभव नहीं है, दोनों ही अति आवश्यक और समान उपयोगी हैं। किसी हालत में दोनों को एक-दूसरे का विरोधी नहीं किया जा सकता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक तथा घनिष्ठ सहयोगी हैं। बीज और भूमि दोनों में से कोई अकेला पौधे को जन्म नहीं दे सकता, बीज में उगने की शक्ति होती है और आगे जरूर एक विशेष किस्म का पौधा बन सकता है लेकिन वह ऐसा कितनी अच्छी तरह कर पाएगा, यह उस भूमि पर निर्भर करता है जिसमें उसे लगाया जा रहा है। उन्नत किस्म के अच्छे बीज और उपजाऊ मिट्टी दोनों का ठीक ढंग से संयोग होने पर ही अधिक अच्छे पौधे की आशा की जाती है। इसी प्रकार बालक के उत्तम विकास के लिए वंशानुक्रम तथा वातावरण का उत्तम संयोग आवश्यक है। **गैरेट** ने इसी को स्पष्ट करते हुए लिखा है–"इससे निश्चित कोई और बात नहीं है कि वंशानुक्रम और वातावरण परस्पर सहयोगी हैं और दोनों ही सफलता के लिए अनिवार्य है।"

"Nothing is more certain than that heredity and environment are co-acting influences and both are essentials to achievement."

– Garrett

3. **वंशानुक्रम और वातावरण का समान महत्व** (Equal Importance of Heredity and Environment)–बालक की वृद्धि और विकास के संदर्भ में वंशानुक्रम और वातावरण के बीच जो रिश्ता है उसमें 'अथवा' और 'या' की कोई जगह नहीं होती। यह सम्बन्ध केवल 'और' से व्यक्त किया जा सकता है। अतः बालक का विकास वंशानुक्रम और वातावरण दोनों पर निर्भर करता है। वंशानुक्रम और वातावरण के बीच वास्तव में क्या सम्बन्ध है, इस सम्बन्ध में **वुडवर्थ** और **मार्क्विस** का विचार है–"वंशानुक्रम और वातावरण का सम्बन्ध जोड़ की तरह न होकर गुणा की तरह अधिक है।

व्यक्ति = वंशानुक्रम + वातावरण नहीं बल्कि वंशानुक्रम × वातावरण है।"

"The relation of heredity and environment is not like addition but more like multiplication. The individual does not equal heredity + environment but does equal heredity × environment."

– Woodworth and Marquis

4. **वंशानुक्रम और वातावरण के प्रभावों में अन्तर करना संभव नहीं** (Differentiation is not Possible between the Impact of Heredity and Environment)–बालक की शिक्षा और विकास पर कितना प्रभाव वंशानुक्रम का पड़ता है और कितना वातावरण का, यह बता पाना संभव नहीं है। वंशानुक्रम में वे सभी बातें आ जाती हैं जो व्यक्ति के जन्म के समय नहीं, वरन् गर्भावस्था के समय उत्पन्न थीं। इसी प्रकार वातावरण में वे सब बाह्य तत्व आ जाते हैं, जो व्यक्ति को जन्म के समय प्रभावित करते हैं। मनुष्य के विकास में वंशानुक्रम आधारभूत कारक का कार्य करता है और वातावरण साधन रूप कारक का कार्य करता है और इनमें से किसी एक के अभाव में भी मानव का विकास नहीं किया जा सकता। मनोवैज्ञानिक अध्ययन एवं प्रयोगों के आधार पर यह निष्कर्ष तो निकाले सके हैं कि मनुष्य के किसी भी प्रकार के विकास में वंशानुक्रम और वातावरण दोनों का प्रभाव पड़ता है, परन्तु यह नहीं ज्ञात कर सके कि वंशानुक्रम का कितना प्रभाव पड़ता है और वातावरण का कितना? अन्त में यह कहा जा सकता है कि बालक के व्यक्तित्व के विकास में ये दोनों कारक महत्वपूर्ण हैं। इन दोनों कारकों पर ध्यान देते हुए अध्यापकों और अभिभावकों को बालक के विकास में सहयोग देना चाहिए।

शिक्षक के लिए वंशानुक्रम व वातावरण का महत्व (Importance of Heredity and Environment for Teacher)

शिक्षक के लिए वंशानुक्रम और वातावरण का क्या महत्त्व है और वह उनके ज्ञान से अपना और अपने छात्रों का किस प्रकार हित कर सकता है, इस पर हम अलग-अलग शीर्षकों के अन्तर्गत विचार कर रहे हैं, यथा–

(अ) वंशानुक्रम का महत्त्व (Importance of Heredity)

1. वंशानुक्रम के कारण बालकों में शारीरिक विभिन्नता होती है। शिक्षक इस ज्ञान से सम्पन्न होकर उनके शारीरिक विकास में योग दे सकता है।
2. वंशानुक्रम के कारण बालकों की जन्मजात क्षमताओं में अन्तर होता है। शिक्षक इस बात को ध्यान में रखकर कम प्रगति करने वाले बालकों को अधिक प्रगति करने में योग दे सकता है।
3. बालकों और बालिकाओं में लिंगीय भेद वंशानुक्रम के कारण होता है, जिससे विभिन्न विषयों में उनकी योग्यता कम या अधिक होती है। शिक्षक इस ज्ञान से उनके लिए उपयुक्त विषयों के अध्ययन की व्यवस्था कर सकता है।
4. वंशानुक्रम के कारण बालकों में अनेक प्रकार की विभिन्नताएँ होती हैं, जो उनके विकास के साथ-साथ ही अधिक स्पष्ट होती जाती हैं। शिक्षक, बालकों की इन विभिन्नताओं का अध्ययन करके इनके अनुरूप शिक्षा का आयोजन कर सकता है।
5. वंशानुक्रम के कारण बालकों की सीखने की योग्यता में अन्तर होता है। शिक्षक इस ज्ञान से अवगत होकर देर में सीखने वाले बालकों के प्रति सहनशील और जल्दी सीखने वाले बालकों को अधिक कार्य दे सकता है।
6. बालकों को वंशानुक्रम से कुछ प्रवृत्तियाँ (Tendencies) प्राप्त होती हैं, जो वांछनीय और अवांछनीय–दोनों प्रकार की होती हैं। शिक्षक इन प्रवृत्तियों का अध्ययन करके वांछनीय प्रवृत्तियों का विकास और अवांछनीय प्रवृत्तियों का दमन या मार्गान्तरीकरण कर सकता है।

7. **वुडवर्थ** (Woodworth) के अनुसार—देहाती बालकों की अपेक्षा शहरी बालकों के मानसिक स्तर की श्रेष्ठता आंशिक रूप से वंशानुक्रम के कारण होती है। शिक्षक इस ज्ञान से युक्त होकर अपने शिक्षण को उनके मानसिक स्तरों के अनुरूप बना सकता है।
8. वंशानुक्रम का एक नियम बताता है कि योग्य माता-पिता के बच्चे अयोग्य और अयोग्य माता-पिता के बच्चे योग्य हो सकते हैं। इस नियम को भली-भाँति समझने वाला शिक्षक ही बालकों के प्रति उचित प्रकार का व्यवहार कर सकता है।

(ब) वातावरण का महत्त्व (Importance of Environment)

1. बालक अपने परिवार, पड़ोस, मुहल्ले और खेल के मैदान में अपना पर्याप्त समय व्यतीत करता है और इससे प्रभावित होता है। शिक्षक इन स्थानों के वातावरण को ध्यान में रखकर ही बालक का उचित पथ-प्रदर्शन करता है।
2. **सोरेन्सन** (Sorenson) के अनुसार—शिक्षा का उत्तम वातावरण बालकों की बुद्धि और ज्ञान की वृद्धि में प्रशंसनीय योग देता है। इस बात की जानकारी रखने वाला शिक्षक अपने छात्रों के लिए उत्तम शैक्षिक वातावरण प्रदान करने की चेष्टा कर सकता है।
3. **रूथ बैंडिक्ट** (Ruth Bendict) के अनुसार—व्यक्ति जन्म से ही एक निश्चित सांस्कृतिक वातावरण में रहता है और उसके आदर्शों के अनुरूप ही आचरण करता है। इस तथ्य को जानने वाला शिक्षक, बालक को अपना सांस्कृतिक विकास करने में योगदान दे सकता है।
4. अनुकूल वातावरण में जीवन का विकास होता है और व्यक्ति उत्कर्ष की ओर बढ़ता है। इस बात को समझने वाला शिक्षक अपने छात्रों की रुचियों, प्रवृत्तियों और क्षमताओं के अनुकूल वातावरण प्रदान करके उनको उत्कर्ष की ओर बढ़ने में सहायता दे सकता है।
5. **यूनेस्को** (UNESCO) के कुछ विशेषज्ञों का कथन है कि वातावरण का बालकों की भावनाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ता है और उससे उनके चरित्र का निर्माण भी होता है। इस कथन में विश्वास करके शिक्षक, बालकों के लिए ऐसे वातावरण का निर्माण कर सकता है, जिससे न केवल उनकी भावनाओं का संतुलित विकास हो, वरन् उनके चरित्र का भी निर्माण हो।
6. वातावरण, बालक के विकास की दशा निश्चित करता है। वातावरण ही निश्चित करता है कि बालक बड़ा होकर अच्छा या बुरा, चरित्रवान् या चरित्रहीन, संयमी या व्यभिचारी, व्यापारी या साहित्यकार, देशप्रेमी या देशद्रोही बनेगा। इस तथ्य पर मनन करने वाला शिक्षक अपने छात्रों के लिए ऐसे वातावरण का सृजन कर सकता है, जिससे उनका विकास उचित दिशा में हो।
7. प्रत्येक समाज का एक विशिष्ट वातावरण होता है। बालक को इसी समाज के वातावरण से अपना अनुकूलन करना पड़ता है। इस बात से भली-भाँति परिचित होने वाला शिक्षक, विद्यालय को लघु समाज का रूप प्रदान करके बालकों को अपने वृहत् समाज के वातावरण से अनुकूलन करने की शिक्षा दे सकता है।

महत्वपूर्ण अभ्यास प्रश्न

1 क्या बच्चे इसलिए भाषा अर्जित करते हैं, क्योंकि उनमें आनुवंशिक रूप से ऐसा करने की पूर्व प्रवृत्ति होती है या उनके माता-पिता प्रारम्भिक अवस्था से ही उन्हें गहन रूप से सिखाते हैं ? यह प्रश्न आवश्यक रूप से दर्शाता है–

(A) बहु-कारक योग्यता के रूप में विकास पर चर्चा

(B) क्या विकास एक सतत् प्रक्रिया है या एक असतत् प्रक्रिया

(C) प्रकृति और पोषण पर बहस

(D) भाषा के विकास पर संज्ञान का प्रभाव

2 .....जन्मजात वैयक्तिक गुणों का योगफल है।

(A) निरन्तरता (B) समानता

(C) वंशानुक्रम (D) युयुत्सा

3 .....के अनुसार, ''बालक का विकास आनुवंशिकता तथा वातावरण का गुणनफल है।''

(A) वुड्वर्थ (B) हॉलैण्ड

(C) थॉर्नडाइक (D) गैरेट

4 वह अवस्था जो कि माता के 21वें गुणसूत्र जोड़े के अलग न हो पाने के कारण होती है, कहलाती है–

(A) डाउन सिण्ड्रोम

(B) टर्नर सिण्ड्रोम

(C) विल्सन सिण्ड्रोम

(D) क्लीनफेल्टर सिण्ड्रोम

5 ''किसी व्यक्ति को आकार देने में वातावरण के घटकों की कोई भूमिका नहीं होती, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की वृद्धि उसकी आनुवंशिक संरचना से निर्धारित होती है।'' यह कथन–

(A) ठीक है, क्योंकि वातावरण के घटक किसी व्यक्ति की वृद्धि और विकास में कम योगदान करते हैं

(B) ठीक है, क्योंकि बहुत-से शोध यह सिद्ध करते हैं कि आनुवंशिक पदार्थ व्यक्ति के विकास की भविष्यवाणी करता है

(C) ठीक नहीं है, क्योंकि बहुत-से शोध यह सिद्ध करते हैं कि विकास में वातावरण का बड़ा प्रभाव पड़ सकता है

(D) ठीक है, क्योंकि किसी व्यक्ति की आनुवंशिक संरचना बहुत प्रबल होती है

6 .....तथा.....की विशिष्ट अन्योन्य क्रिया का परिणाम विकास के विविध मार्गों और निष्कर्षों के रूप में हो सकता है।

(A) चुनौतियाँ, सीमाएँ

(B) खोज, पोषण

(C) वंशानुक्रम, पर्यावरण

(D) स्थिरता, परिवर्तन

7 क्या बच्चे इसलिए भाषा अर्जित करते हैं, क्योंकि उनमें आनुवंशिक रूप से ऐसा करने की पूर्व प्रवृत्ति होती है या उनके माता-पिता प्रारम्भिक अवस्था से ही उन्हें गहन रूप से सिखाते हैं ? यह प्रश्न आवश्यक रूप से दर्शाता है–

(A) क्या विकास एक सतत् प्रक्रिया है या एक असतत् प्रक्रिया

(B) भाषा के विकास का संज्ञान का प्रभाव

(C) प्रकृति और पोषण पर बहस

(D) बहु-कारक योग्यता के रूप में विकास पर चर्चा

8 निम्नलिखित में से.....के अतिरिक्त सभी वातावरणीय कारक विकास को आकार देते हैं।

(A) शिक्षा की गुणात्मकता

(B) शारीरिक गठन

(C) पौष्टिकता की गुणवत्ता

(D) संस्कृति

9. निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य रूप से आनुवंशिकता सम्बन्धी कारक है ?
(A) समकक्ष व्यक्तियों के समूह के प्रति अभिवृति
(B) चिन्तन पैटर्न
(C) आँखों का रंग
(D) सामाजिक गतिविधियों में भागीदारिता

10. मानव विकास का अध्ययन करने के लिए आनुवंशिक विधि का उपयोग किया जा सकता है–
(A) क्षैतिज
(B) लम्बरूप
(C) क्षैतिज और लम्बरूप दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

11. यदि.....गुणसूत्रों का मिलान हो तो लड़के का जन्म होता है।
(A) YY (B) XY
(C) XX (D) BY

उत्तरमाला

1 (C) 2 (C) 3 (A) 4 (A) 5 (C)
6 (C) 7 (C) 8 (B) 9 (C) 10. (C)
11. (B)

अध्याय
1

अपठित गद्यांश एवं पद्यांश

अपठित गद्यांश

निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 8 तक)

गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में **सबसे उचित** विकल्प को चुनिए–

मनुष्य अपने विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करके अपनी विविध आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, संवर्धन एवं मितव्ययितापूर्वक उपयोग मानव की कुशलता, लगन एवं समर्पण पर निर्भर है। प्रकृति के अमूल्य उपहारों, जैसे–वन, जल, खनिज आदि को अपने कल्याण के लिए सम्पूर्ण प्रयोग करना मानव–मात्र की इच्छा शक्ति व तर्क शक्ति पर निर्भर है। मानव की प्रगति के लिए सतत् विकास का महत्व गाँधीजी ने बहुत पहले ही पहचान लिया था। इसलिए सतत् विकास हेतु मानव की आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखकर संसाधनों के संरक्षण पर जोर दिया। विकास का ध्येय जीवन के आर्थिक ही नहीं वरन् सामाजिक, आर्थिक, नैतिक और आध्यात्मिक स्तर को ऊँचा उठाना होना चाहिए। प्रकृति से संस्कृति की ओर बढ़ने की आकांक्षा हमेशा होनी चाहिए। जहाँ इस आकांक्षा की पूर्ति होगी उसे इतिहास में स्वर्ण युग का नाम देना उचित होगा न कि साहित्य और कला की तरक्की का। इस दृष्टि से अभी तक भारत का स्वर्ण युग दूर–दूर तक दिखाई नहीं देता।

1. भारत का स्वर्ण युग दूर–दूर तक इसलिए दिखाई नहीं देता, क्योंकि–
- (A) भारत में सोना कम हो गया है
- (B) प्रकृति से संस्कृति की ओर बढ़ने की आकांक्षा पूरी नहीं हो रही है
- (C) प्रकृति के संसाधनों का संरक्षण नहीं हो रहा है
- (D) लोगों का आर्थिक स्तर नहीं बढ़ा है

2. मनुष्य अपने विकास के लिए क्या करता है?
- (A) प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करता है
- (B) अधिक मेहनत करता है
- (C) प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करता है
- (D) विविध संसाधन जुटाता है

3. मानव की कुशलता, लगन और समर्पण पर क्या निर्भर करता है?
- (A) प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण
- (B) प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन
- (C) प्राकृतिक संसाधनों की मितव्ययता
- (D) उपर्युक्त सभी

4. गाँधीजी ने किस पर जोर दिया?
- (A) औद्योगिक विकास पर
- (B) तकनीकी विकास पर
- (C) प्राकृतिक संरक्षण पर
- (D) मानव की आत्मनिर्भरता पर

5. गद्यांश के अनुसार कौन–सा विकास का ध्येय ***नहीं*** है?
- (A) नैतिक स्तर को ऊँचा उठाना
- (B) भौतिक स्तर को ऊँचा उठाना
- (C) सामाजिक स्तर को ऊँचा उठाना
- (D) आध्यात्मिक स्तर को ऊँचा उठाना

6. गद्यांश के अनुसार कहा जा सकता है कि–
- (A) मनुष्य को प्रकृति के अमूल्य उपहारों का प्रयोग सोच–समझकर करना चाहिए
- (B) प्रकृति ने मनुष्य को बहुत कम उपहार दिए हैं
- (C) प्रकृति ने मनुष्य को उपहारस्वरूप केवल वन और जल दिया है
- (D) मनुष्य प्राकृतिक उपहारों का अधिक संरक्षण करता है

7. किस शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग ***नहीं*** हो सकता?
- (A) अर्थ (B) नीति
- (C) कला (D) अध्यात्म

8. निम्नलिखित में से कौन–सा संज्ञा शब्द ***नहीं*** है?
- (A) भारत (B) मानव
- (C) गाँधीजी (D) दिखाई

निर्देश (प्रश्न संख्या 9 से 15 तक)

गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में **सबसे उचित** विकल्प को चुनिए–

वैदिक सभ्यता के लोग प्रारम्भ में घुमक्कड़ जीवन व्यतीत करते थे, परन्तु बाद में ये लोग बस्तियों में बसने लगे थे। आर्य समाज पितृसत्तात्मक होने के बाद भी यहाँ स्त्रियों का सम्मान और आदर किया जाता था।

वैदिक संस्कृति—चारों वेदों यथा ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद में वर्णित संस्कृति को वैदिक संस्कृति कहा जाता है। वैदिक संस्कृति के प्रणेता 'आर्य' थे। वैदिक संस्कृति को निम्नलिखित भागों में विभाजित किया जाता है—

- ऋग्वैदिक काल (1500 ई. पू. से 1000 ई. पू. तक)
- ऋग्वेद काल में स्थानीय स्वशासन की तीन इकाईयाँ थी—विधाता, सभा व समिति। विधाता धार्मिक व सेना वाले, काम, सभा–न्यायिक काम व समिति राजनीतिक कार्य करती थी।
- उत्तर वैदिक काल (1000 ई. पू. से 600 ई. पू. तक)
- वैदिक सभ्यता सरस्वती नदी के किनारे फली–फूली थी। ऋग्वेद में इस नदी को नदीतमा (पवित्र नदी) कहा गया है। ऋग्वेद के चौथे मण्डल को छोड़कर सरस्वती नदी का सभी मण्डलों में कई बार उल्लेख किया गया है।
- आर्यों के निवास क्षेत्र को सप्त सैन्धव प्रदेश कहा गया है। सप्त सिन्धु या सैंधव में प्रमुख सात नदियाँ सिन्धु, सरस्वती, सतलुज, व्यास, रावी, झेलम तथा चिनाब हैं।
- वैदिक काल में आर्यों की आर्थिक स्थिति का मूलाधार पशुधन ''गाय'' मुद्रा की भाँति समझी जाती थी।

विद्वान	आर्यों का मूल निवास स्थान
1. मैक्समूलर	मध्य एशिया (बैक्ट्रिया)
2. बाल गंगाधर तिलक	उत्तरी ध्रुव
3. दयानन्द सरस्वती	तिब्बत
4. गाइल्स	हंगरी अथवा डेन्यूब नदी

4. वैदिक साहित्य (Vedic Literature)

वैदिक सभ्यता सरस्वती नदी के तट पर विकसित हुई।

वेद शब्द 'विद' से बना है, जिसका अर्थ **ज्ञान अथवा बुद्धिमत्ता** से होता है। इन्हें ''श्रुति'' भी कहा जाता है। वेद 04 प्रकार के हैं—

(i) ऋग्वेद, (ii) सामवेद, (iii) यजुर्वेद तथा (iv) अथर्ववेद।

ऋग्वेद, सामवेद तथा यजुर्वेद को ''वेदात्रयी'' कहते हैं।

I. वेद या मंत्र संग्रह (Vedas or Collection of Hymns)

वेदों के संकलनकर्त्ता **महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेद व्यास** हैं।

(i) ऋग्वेद—यह प्राचीनतम वेद है तथा इसमें 1028 सूक्त तथा 10 मंडल हैं। दसवें मंडल में ही पुरुष सूक्त है जिसमें चारों वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र) का उल्लेख है।

गायत्री मंत्र ऋग्वेद के तीसरे मण्डल से लिया गया है जो सावित्री को समर्पित है।

इन्द्र, ऋग्वेद में वर्णित सर्वाधिक महत्वपूर्ण देवता हैं। उन्हें आर्यों का संरक्षक तथा वर्षा का देवता माना जाता है।

योग का वर्णन ऋग्वेद में किया गया है।

ऋग्वेद में अधन्य शब्द सामान्य रूप से गाय के लिए प्रयुक्त हुआ है।

(ii) सामवेद—इसमें **1549** ऋचायें हैं। इसका सम्बन्ध संगीत से है। इसके पुरोहित ''उद्गाता'' कहलाते हैं।

(iii) यजुर्वेद—इसका सम्बन्ध यज्ञों से है। इसके दो भाग हैं—कृष्ण यजुर्वेद तथा शुक्ल यजुर्वेद। इसके पुरोहित 'अध्वर्यु' कहलाते हैं।

(iv) अथर्ववेद—यह जादू–टोना तंत्र–मंत्र से सम्बन्धित है।

II. ब्राह्मण (Brahmins)

ये गद्य में रची गई टिप्पणियाँ हैं, जो संहिता के मंत्रों की उत्पत्ति और अर्थ स्पष्ट करती हैं। ये निम्न हैं—

ऋग्वेद—ऐतरेय तथा कौशीतकी

सामवेद—पंचविश षड्विश, जैमिनीय तथा छांदोग्य

यजुर्वेद—शतपथ तथा तैत्तीरीय

अथर्ववेद—गोपथ

III. आरण्यक (Aranyaks)

हर ब्राह्मण का दार्शनिक भाग, जंगलों में रहने वाले तपस्वियों के मार्गदर्शन हेतु संगृहीत है।

IV. उपनिषद् या वेदांत (Upnishads & Vedanta)

हर ब्राह्मण के अन्त में यह प्रस्तुत है। यह आर्यों के प्राचीन ग्रंथों में निहित आध्यात्मिक सिद्धान्तों का निचोड़ है। लगभग 108 उपनिषद् उपलब्ध हैं जिसमें मुख्य है—ऐतरेय, तैत्तिरीय, छांदोग्य, कोशीतकी, वृहदारण्य आदि। उपनिषद में ज्ञान के सिद्धान्त को महत्व दिया गया हैं। इसमें ब्रह्म और आत्मा के स्वभाव तथा सम्बन्धों की दार्शनिक व्याख्या की गई है।

उपनिषद् ज्ञान के सिद्धान्त पर बल देता है।

V. अन्य साहित्य (Other Literatures)

(i) वेदांग—वेदांग छः हैं—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद तथा ज्योतिष। इसमें सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कल्पसूत्र है जो आर्यों के गृहस्थ जीवन से सम्बन्धित है।

(ii) उपवेद

(a) ऋग्वेद—आयुर्वेद (चिकित्साशास्त्र से सम्बन्धित)

(b) यजुर्वेद—धनुर्वेद (युद्ध कला से सम्बन्धित)

(c) सामवेद—गांधर्ववेद (कला एवं संगीत से सम्बन्धित)

(d) अथर्ववेद—शिल्पवेद (भवन निर्माण कला से सम्बन्धित)

हिन्दुओं के **छः विख्यात** दार्शनिक सम्प्रदाय भी वैदिक साहित्य में आते हैं। ये छः प्रणालियाँ निम्नलिखित हैं—

गौतम	न्याय प्रणाली
कपिल	सांख्य दर्शन
कणाद	वैशेषिक
पतंजलि	योगदर्शन
जैमिनी	पूर्व मीमांसा
व्यास	उत्तर मीमांसा

- रामायण एवं महाभारत, दो महाकाव्य हैं। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि तथा महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास हैं। महाभारत को ''जयसंहिता'' तथा ''सतसहस्री संहिता'' के नाम से तथा रामायण को ''चतुर्विंशति सहस्री संहिता'' के नाम से जाना जाता है।
- भगवद्गीता मूलतः शास्त्रीय संस्कृत में लिखी गई है, परन्तु इसे अब तक 175 भाषाओं में अनुवादित किया जा चुका है। भगवद्गीता के अनुसार, भगवान के साथ जुड़ने का प्रथम मार्ग 'भक्ति' तथा दूसरा मार्ग ज्ञान है।
- भगवद्गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं। कुरुक्षेत्र की युद्ध भूमि में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिए थे, वह श्रीमद् भगवद्गीता के नाम से प्रसिद्ध हैं। यह महाभारत के भीष्म पर्व का अंग है।
- महाभारत के 16वें अध्याय में श्रीमद् भगवद्गीता वर्णित है। यह हिन्दुओं के पवित्र ग्रन्थों में से एक है तथा महाभारत के भीष्म पर्व के अन्तर्गत दिया गया एक उपनिषद् है। भगवद्गीता में एकेश्वरवाद, कर्म योग, ज्ञानयोग व भक्ति योग का अद्भुत वर्णन किया गया है। महाभारत में वर्णित कुरुक्षेत्र की लड़ाई 18 दिन तक चली।
- शंकराचार्य एक महान दार्शनिक व धर्म प्रवर्तक थे। वे अद्वैत दर्शन के प्रमुख प्रवर्तक थे। उन्होंने सनातन धर्म की अनेक विचारधाराओं का एकीकरण किया। उन्होंने उपनिषदों व वेदांतसूत्रों पर अनेक टीकाएँ भी लिखीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारतवर्ष के चार मठों की स्थापना की, जिनके नाम ज्योतिषपीठ बदरीकाश्रम (उत्तराखण्ड), गोवर्धन मठ (पुरी, उड़ीसा), श्रंगेरी शारदा मठ (चिकमंगलूर, तमिलनाडु), शारदा मठ (द्वारका, गुजरात) हैं।
- योग दर्शन के प्रवर्तक महर्षि पतंजलि थे।
- कपिल को सांख्य दर्शन का प्रवर्तक माना जाता है।
- कणाद वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक है।
- जैमिनी मीमांस दर्शन के प्रमुख प्रवर्तक है।
- पुराणों की संख्या 18 है। अधिकांश पुराणों की रचना तीसरी शताब्दी में हुई है।
- सर्वाधिक प्राचीन एवं प्रामाणिक मत्स्य पुराण है जिसमें विष्णु के 10 अवतारों का उल्लेख है।

5. धार्मिक आन्दोलन (Religious Movements)

ब्राह्मणवाद के विरुद्ध प्रतिक्रिया के रूप में छठी शताब्दी ई. पू. दो सम्प्रदायों का उदय हुआ।

यथा—जैन धर्म तथा बौद्ध धर्म।

I. जैन धर्म (Jainism)

जैन धर्म की स्थापना ऋषभदेव ने की जो जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर माने जाते हैं। जैनधर्म की स्थापना का वास्तविक श्रेय 24वें तीर्थंकर वर्धमान महावीर को जाता है।

- 24वें व अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म वैशाली के निकट कुण्डग्राम (वाज्जिसंघ का गणतन्त्र) में 540 ई. पू. में हुआ था। इनके बचपन का नाम वर्धमान था।
- महावीर स्वामी के पिता सिद्धार्थ तथा माता त्रिशला, जो लिच्छिवी के राजा चेटक की बहन थीं।
- महावीर स्वामी का विवाह यशोदा के साथ हुआ था। इनकी पुत्री का नाम **अनोज्जा (प्रियदर्शना)** तथा दामाद का नाम **जमालि** था।
- महावीर स्वामी को 12 वर्ष की गहन तपस्या के बाद **जुम्भिकग्राम** के समीप ऋजुपालिका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे सर्वोच्च ज्ञान (कैवल्य) की प्राप्ति हुई। इसी समय महावीर स्वामी **जैन (विजेता)**, अर्हत (पूज्य) तथा निर्गन्ध (बंधनहीन) कहलाए।
- जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ द्वारा प्रतिपादित चार महाव्रत—**सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह** तथा **अस्तेय** में महावीर स्वामी ने पाँचवाँ ब्रह्मचर्य जोड़ा।
- जैन धर्म दो पंथों में बँटा—श्वेताम्बर (श्वेत वस्त्र धारण करने वाले), दिगम्बर (नग्न रहने वाले)।
- लगभग 72 वर्ष की आयु में 468 ई. पू. में महावीर स्वामी की राजगृह के समीप **पावापुरी** (राजगीर) में मृत्यु हो गई।
- जैन धर्म के त्रिरत्न हैं—**सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, सम्यक् आचरण**।
- जैन धर्म को राष्ट्रकूट का संरक्षण प्राप्त था।

जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकर और उनके चिह्न

- श्री ऋषभनाथ—बैल,
- श्री अजितनाथ—हाथी,
- श्री संभवनाथ—अश्व (घोड़ा),
- श्री अभिनंदननाथ—बंदर,
- श्री सुमतिनाथ—चकवा,
- श्री पद्मप्रभ—कमल,
- श्री सुपार्श्वनाथ—साथिया (स्वस्तिक),
- श्री चन्द्रप्रभ—चन्द्रमा,
- श्री पुष्पदंत—मगर
- श्री शीतलनाथ—कल्पवृक्ष
- श्री श्रेयांसनाथ—गैंडा
- श्री वासुपूज्य—भैंसा,
- श्री विमलनाथ—शूकर,
- श्री अनंतनाथ—सेही,
- श्री धर्मनाथ—वज्रदंड,
- श्री शांतिनाथ—मृग (हिरण),
- श्री कुंथुनाथ—बकरा
- श्री अरहनाथ—मछली
- श्री मल्लिनाथ—कलश
- श्री मुनिसुव्रतनाथ—कच्छप (कछुआ)
- श्री नमिनाथ—नीलकमल
- श्री नेमिनाथ—शंख
- श्री पार्श्वनाथ—सर्प
- श्री महावीर—सिंह

जैन सभाएँ (Jain Councils)

जैनसभा	वर्ष	शासक	अध्यक्ष
प्रथम (पाटलिपुत्र)	300 ई. पू.	चंद्रगुप्त मौर्य	स्थूल भद्रबाहु
द्वितीय (बल्लभी) गुजरात	512 ई.	ध्रुवसेन	देवार्द्ध क्षमाश्रवण

II. बौद्ध धर्म (Buddhism)

गौतम बुद्ध को बौद्ध धर्म का प्रवर्तक माना जाता है। ये महावीर के समकालीन थे। ज्ञान प्राप्त करने के बाद इन्हें बुद्ध कहा जाने लगा था।

- बुद्ध का अर्थ ज्ञान प्राप्ति होता है।
- उन्होंने सांसारिक दुःखों से मुक्ति पाने के लिए 29वें वर्ष में गृह त्याग किया। इस घटना को बौद्ध ग्रंथों में **महाभिनिष्क्रमण** कहा गया है।
- कई वर्षों की तपस्या के बाद 35 वर्ष की आयु में एक दिन **बोधगया (उरूवेला)** के निकट एक पीपल के वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान का बोध हुआ और तब से बुद्ध हो गये।
- उन्होंने अपना प्रथम उपदेश **सारनाथ** (ऋषिपतन) में दिया। बौद्ध परम्परा में इसे **धर्मचक्रप्रवर्तन** के नाम से जाना जाता है।

  गौतम बुद्ध द्वारा अपने धर्म में दीक्षित किया जाने वाला अन्तिम व्यक्ति सुभद्दा था।

महाबोधि मन्दिर समूह बोधगया (गया, बिहार) में अवस्थित है। महाबोधि मन्दिर समूह में स्थित महाबोधि मन्दिर के निकट 'बोधिवृक्ष' है, जिसके नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहीं से गौतम बुद्ध ने दुनिया के लिए बौद्ध धर्म के अपने दिव्य ज्ञान का प्रचार किया था। महाबोधि मन्दिर समूह में स्थित महाबोधि मन्दिर का निर्माण मौर्य शासक अशोक ने 250 ई. पू. में करवाया था।

- बिहार में स्थित प्रसिद्ध बौद्ध स्थल बोधगया, निरंजना नदी के तट पर स्थित है। इसे फाल्गू नदी भी कहा जाता है।
- महायान वर्तमान में बौद्ध धर्म की दो प्रमुख शाखाओं में से एक है, जिसका आरम्भ पहली शताब्दी के आस–पास माना जाता है। ये महात्मा बुद्ध की देवतुल्य उपासना करते थे। इस शाखा के अन्तर्गत बुद्ध की पहली मूर्ति बनी तथा बुद्ध की मूर्ति पूजा यहीं से शुरू हुई थी।
- नागार्जुन, महायान बौद्ध सम्प्रदाय के महत्वपूर्ण दार्शनिक थे। उन्हें बौद्ध धर्म की शाखा 'माध्यमिका' का प्रवर्तक माना जाता है। 'प्रज्ञापारमिता सूत्र' इनकी प्रमुख रचना है, जिसमें 'माध्यमिका दर्शन' का विवरण है। गौतम बुद्ध की माँ देवदह राज्य के शासक परिवार से जो अब उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में हैं।

बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्य (Four Noble Truth of Buddhism)

दुःख	अर्थात् समस्त संसार दुःखमय है।
दुःख समुदाय	संसार के समस्त दुःखों का कारण इच्छा या तृष्णा अथवा लालसा है।
दुःख निरोध	इच्छाओं या तृष्णाओं को अपने वशीभूत रखकर ही दुःख को खत्म किया जा सकता है।
दुःख निरोध गामिनी प्रतिपदा	इसके अन्तर्गत दुःख निवारक मार्ग बताये गये हैं। ये आठ मार्ग हैं जो अष्टांगिक मार्ग कहे जाते हैं।

उनकी शिक्षाएँ, जिन्हें बौद्ध धर्म कहा जाता है, चार आर्य सत्यों पर आधारित हैं–

दुःख	:	संसार में दुःख है।
दुःख समुदाय	:	दुःख के कारण हैं
निरोध	:	दुःख का निवारण हो सकता है
मार्ग	:	इसके निवारण के लिए अष्टांगिक मार्ग है।

- दुःखों का अस्तित्व है।
- दुःख इच्छाओं से उत्पन्न होता है तथा अधूरी इच्छाएँ पुनर्जन्म को प्रवृत्त करती हैं।
- जब इच्छाएँ दूर हो जाती हैं तो पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता है, यही निर्वाण है तथा
- इच्छाओं को विचार, व्यवहार और वाणी में शुद्धता लाकर, अष्टमार्ग पर चलकर जीता जा सकता है।

महात्मा बुद्ध का जीवन परिचय (Biography of Buddha)

जन्म	:	563 ई. पू.
जन्म स्थान	:	लुम्बिनी (कपिलवस्तु) इस स्थान को अशोक के रुम्मिनदेई स्तम्भ से अंकित किया गया है।
पिता	:	शुद्धोधन (शाक्यों के राजा कपिलवस्तु के शासक)
माता	:	महामाया देवी
बचपन का नाम	:	सिद्धार्थ
पालन–पोषण	:	गौतमी प्रजापति (मौसी)
विवाह अवस्था	:	यशोधरा (कोलिय गणराज्य की राजकुमारी)
पुत्र	:	राहुल
मृत्यु	:	काल 483 ई.पू.
स्थान	:	कुशीनगर

(i) अष्टमार्गी सिद्धान्त–यह दुःख निरोध मार्ग है। इसका निरूपण निम्न प्रकार से किया जा सकता है–

(i) सम्यक् ज्ञान,	(v) सम्यक् प्रयत्न,
(ii) सम्यक् इच्छा,	(vi) सम्यक् बुद्धि,
(iii) सम्यक् वाणी,	(vii) सम्यक् समाधि तथा
(iv) सम्यक् जीवन,	(viii) सम्यक् कार्य।

(ii) साहित्य–बौद्ध साहित्य मूलतः पाली भाषा में लिखे गये थे तथा मुख्यतः त्रिपिटकों में समाहित हैं, ये निम्नलिखित हैं–

(a) सुत्तपिटक (b) अभिधम्म पिटक (c) विनय पिटक

इसके अतिरिक्त अग्रलिखित बौद्ध साहित्य उल्लेखनीय हैं–

(iii) दीपवंश तथा महावंश

(iv) महावस्तु

(v) मिलिन्दपन्हो में यूनानी शासक मिलिन्द तथा बौद्ध भिक्षु नागसेन के दार्शनिक विषय से सम्बन्धी वाद–विवाद का वर्णन किया गया है।

बौद्ध संगीतियाँ
(Buddhist Councils)

बौद्ध संगीति	स्थान	वर्ष	शासक	अध्यक्ष
प्रथम	सप्तपर्णी गुफा (राजगृह)	483 ई. पू.	अजातशत्रु	महकस्यप
द्वितीय	वैशाली	383 ई. पू.	कालाशोक	सबकामी
तृतीय	पाटलिपुत्र	250 ई. पू.	अशोक	मोगलिपुत्र तिस्स
चतुर्थ	कुण्डलवन (कश्मीर)	72 ई.	कनिष्क	वसुमित्र (अध्यक्ष) अश्वघोष (उपाध्यक्ष)

प्राचीन भारत में बौद्धों द्वारा शिक्षा मठों में दी जाती थी। इस स्थान को बौद्ध मठ कहा जाता था।

कालचक्र धर्मानुष्ठान बौद्ध धर्म से सम्बन्धित हैं, बौद्ध धर्म के संस्थापक थे गौतम बुद्ध, जिनका वास्तविक नाम सिद्धार्थ था। इन्हें 35 वर्ष की आयु में निरंजना नदी के किनारे पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था।

गौतम बुद्ध ने कौशाम्बी में उदयन के राज्य काल में प्रवेश किया था।

6. संगम युग
(Sangam Age)

दक्षिण भारत में लगभग तीन सौ ईसा पूर्व से तीन सौ ईस्वी के बीच की अवधि को संगम काल या संगम युग के नाम से जाना जाता है। इस युग की अवधि पहली शताब्दी से दूसरी शताब्दी के बीच थी।

सुदूर दक्षिण के संगम युग की जानकारी का प्रमुख स्रोत संगम साहित्य है। संगम साहित्य में हमें तीन प्रमुख राज्यों–**पाण्ड्य, चोल** तथा **चेरों** के विषय में जानकारी मिलती है। ई. की प्रथम शताब्दी से तीसरी शताब्दी ई. पू. के मध्य तक 'संगम युग' का समय माना जाता है।

I. संगम साहित्य (Sangam Literature)

तमिल भाषा में उपलब्ध प्राचीनतम साहित्य 'संगम– साहित्य' है, जो तीन संगमों के उपरान्त तैयार किया गया था। ये संगम पाण्ड्य शासकों के संरक्षण में हुआ था।

(i) प्रथम संगम (First Sangam)–यह संगम पाण्ड्य शासकों के संरक्षण में उनकी प्राचीन राजधानी **'मदुरा'** में **अगस्त्य ऋषि** की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था।

(ii) द्वितीय संगम (Second Sangam)–द्वितीय संगम को भी पाण्ड्य शासकों का सहयोग प्राप्त हुआ था। यह **कपाटपुरम्** अथवा **अलवै** में शुरू में अगस्त्य ऋषि की अध्यक्षता, लेकिन बाद में तोल्काप्पियर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था।

(iii) तृतीय संगम (Third Sangam)–यह संगम उत्तरी **मदुरा** में **नक्कीयर** की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था।

II. प्रमुख तमिल ग्रंथ (Famous Tamil Texts)

(i) तोल्काप्पियम्–यह 'द्वितीय संगम' का एक मात्र शेष ग्रन्थ है। अगस्त्य ऋषि के बारह योग्य शिष्यों में से एक 'तोल्काप्पियर' द्वारा यह ग्रन्थ लिखा गया था।

(ii) पत्तिनपालै–इसकी रचना भी रुद्रनकन्नार ने की। इस ग्रन्थ में प्रेमगीत संगृहीत है।

(iii) सिरुपानात्रुप्पदै–इसकी रचना नत्थनार ने की थी।

(iv) पदिनेकिल्लकणवन्कु–यह तृतीय संगम का तीसरा संग्रह ग्रन्थ है।

III. संगमयुगीन राज्य (Sangam Aged States)

संगम साहित्य से सुदूर दक्षिण के तीन प्रमुख राज्यों–पाण्ड्य, चोल तथा चेर के विषय में जानकारी प्राप्त होती है।

(i) चोल राज्य (Chola Dynasty)

संगमयुगीन राज्यों में सर्वप्रथम चोलों का उदय हुआ था। इस राज्य की प्राचीनतम राजधानी उत्तरी मनलूर थी तथा इसके बाद उरैयूर में बनी। चोलों का राजकीय चिह्न **'बाघ'** था।

इलंजेत चेन्नि–इस वंश का महत्वपूर्ण प्रथम शासक था तथा **कारिकाल** को (मुक्तलसी टाँगों वाला' अर्थात् 'पांव जला व्यक्ति) इलंजेत चेन्नि का पुत्र था। सिंचाई के लिए 16 मील लम्बी चोल झील का निर्माण चोल शासक राजेन्द्र प्रथम द्वारा करवाया गया था।

(ii) पाण्ड्य राज्य (Pandya Dynasty)

प्राचीन पाण्ड्य राज्य चोल राज्य की प्रारम्भिक राजधानी **'कोरकाई'** थी। बाद में इसका केन्द्र **मदुरई** बना। पाण्ड्य राज्य का राजकीय चिह्न 'मछली' था।

(iii) चेर राज्य (Chera Dynasty)

प्राचीन चेर राज्य का राजकीय चिह्न **'धनुष'** था। प्राचीन चेर राज्य की दो राजधानियाँ थीं–वंजि और तोण्डी। इस राज्य के प्रमुख शासक निम्नलिखित थे–उदयनजेराल, नेन्दनजेराल, आदन कुट्टुवन, शेनगुट्टवन आदि।

7. छठी शताब्दी ई. पू. का भारत तथा महाजनपद काल
(6^{th} Century BC India & Mahajanpada Age)

ई. पू. छठी शताब्दी में भारतीय राजनीति में अनेक शक्तिशाली राज्यों का उदय हुआ, जिन्हें महाजनपद कहा गया। महाजनपद सोलह राज्यों का एक समूह था जो प्राचीन भारत में मौजूद थे।

महाजनपद काल प्रायः प्रारम्भिक राज्यों, लोहे के बढ़ते प्रयोग और सिक्कों के विकास के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। इसी समय में बौद्ध और जैन सहित अनेक दार्शनिक विचारधाराओं का विकास हुआ।

सोलह महाजनपद (Sixteen Mahajanpadas)

छठी शताब्दी ई.पू. में उत्तरी भारत विभिन्न जनपदों में विभक्त था। बौद्ध ग्रंथ **अंगुत्तर निकाय** तथा जैन ग्रंथ **'भगवती सूत्र'** में सोलह (16) महाजनपदों का उल्लेख है जिसे **षोड्श महाजनपद** कहा जाता था। ये जनपद अग्र प्रकार थे–

महाजनपद (Mahajanpadas)

क्र.	जनपद	स्थिति	राजधानी
1.	काशी	वरुणा तथा आसी नदी के संगम पर	वाराणसी
2.	कौशल	उत्तर प्रदेश के मध्य में उत्तर की ओर	श्रावस्ती
3.	अंग	मगध राज्य के पूर्व में	चम्पानगरी
4.	मगध	आधुनिक बिहार राज्य के गया तथा पटना जिले के मध्य से	राजगृह
5.	मल्ल	वज्जि संघ राज्य के उत्तर में स्थित थी। यह दो भागों में विभाजित था	एक भाग– कुशीनगर दूसरा भाग– पावापुरी
6.	वज्जि	आधुनिक बिहार राज्य के उत्तरी भाग में स्थित। यह आठ राज्यों का एक संघ था	वैशाली
7.	चेदि	केन नदी के तट पर आधुनिक बुन्देलखण्ड में स्थित था	शुक्तिमती
8.	वत्स	आधुनिक इलाहाबाद के पास	कौशाम्बी
9.	कुरु	दिल्ली और मेरठ के समीप स्थित था	इन्द्रप्रस्थ
10.	पांचाल	गंगा यमुना के दोआब में आधुनिक रुहेलखण्ड में स्थित था। यह दो भागों में विभक्त था (क) उत्तरी पांचाल (ख) दक्षिणी पांचाल	आहिक्षत्र काम्पिल्य
11.	अश्मक	गोदावरी नदी के तट पर स्थित था दक्षिण भारत का एकमात्र महाजनपद	पोटली/पोतन
12.	मत्स्य	यह वर्तमान जयपुर, अलवर तथा भरतपुर के कुछ भागों में स्थित था	विराटनगरी
13.	शूरसेन	मत्स्य राज्य के दक्षिण में स्थित था	मथुरा
14.	गान्धार	यह आधुनिक कश्मीर के आस–पास स्थित था	तक्षशिला
15.	कम्बोज	यह कश्मीर, अफगानिस्तान तथा पामीर के भू–भाग तक था	हाटक
16.	अवन्ति	मालवा प्रदेश में स्थित था	उज्जयनी महिष्मती

8. मगध का उत्थान (Rise of Magadh)

छठी शताब्दी ई. पू. में मगध राज्य का उत्थान ब्रहद्रथ वंश से हुआ। इस राज्य के प्रमुख वंश निम्न हैं–

I. हर्यंक वंश (544 ई.पू. से 412 ई.पू.)

II. शिशुनाग वंश (412-344 ई.पू.)

III. नंद वंश (344-324 ई.पू.)

I. हर्यंक वंश (Haryank Dynasty)

हर्यंक वंश का काल 544 ई. पू. से 412 ई. पू. तक माना जाता है। इस वंश का वास्तविक संस्थापक बिम्बिसार, जबकि नागदशक अंतिम शासक था।

(i) बिम्बिसार (श्रेणिक)

- बिम्बिसार (558-491 ई. पू.) हर्यंक वंश का संस्थापक था। इनकी राजधानी **गिरिब्रज (राजगृह)** थी।
- बिम्बिसार ने अपने राजवैध 'जीवक' को अवन्ति नरेश चण्डप्रद्योत की पीलिया (पाण्डु) नामक बीमारी को ठीक करने के लिए भेजा था।

(ii) अजातशत्रु (कुणिक/अशोक चंड)

- बिम्बिसार के पुत्र अजातशत्रु (492-460 ई. पू.) ने उसकी हत्या कर सिंहासन प्राप्त किया।
- अजातशत्रु की हत्या उसके पुत्र उदायिन ने 461 ई. पू. की थी।
- अजातशत्रु ने अपनी राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित की।

(iii) उदायिन

- उदायिन ने गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर स्थित पाटलिपुत्र को अपनी राजधानी बनाया। **पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना)** की स्थापना का श्रेय उदायिन को जाता है।
- बौद्ध ग्रन्थों के अनुसार, उदायिन के तीन पुत्र–अनिरुद्ध, मंडक और नागदशक थे। इस वंश के अंतिम शासक नागदशक के सेनापति शिशुनाग ने 412 ई. पू. में शिशुनाग वंश की स्थापना की।

II. शिशुनाग वंश (Shishunag Dynasty)

- हर्यंक वंश के एक सेनापति शिशुनाग ने उदयिन के पुत्र नागदशक को हटाकर मगध के सिंहासन पर अधिकार करके शिशुनाग वंश की स्थापना की।
- शिशुनाग के शासन काल में राजधानी **पाटलिपुत्र** से बदलकर **वैशाली** ले जायी गयी।
- शिशुनाग वंश का अंतिम शासक नंदिवर्धन था।

III. नन्द वंश (Nanda Dynasty)

- इस वंश का संस्थापक **महापद्मनन्द** को माना जाता है।
- पुराणों में महापद्मनन्द को **सर्वक्षत्रान्तक** कहा गया है।
- नन्द वंश का अन्तिम शासक **धनानन्द** था। इसी के शासन काल में **सिकन्दर** ने भारत पर आक्रमण किया। धनानन्द की चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य की सहायता से हत्या कर **मौर्य वंश** की स्थापना की।

9. सिकन्दर का आक्रमण (Alexander's Invasion)

- मेसीडोनिया (मकदूनिया) के शासक फिलिप द्वितीय के पुत्र सिकन्दर ने 326 ई. पू. में सिन्धु नदी पार करके भारत की धरती पर कदम रखा तथा झेलम नदी के तट पर राजा पोरस के साथ उसने 'वितस्ता का युद्ध' लड़ा।

- वितस्ता के युद्ध में पोरस की विशाल सेना पराजित हुई और पोरस को बन्दी बना लिया गया। सिकन्दर भारत में लगभग 19 महीने तक रहा। 323 ई. पू. में बेबीलोन पहुँचकर सिकन्दर का निधन हो गया।
- नियार्कस, आनेसिक्रिटस तथा अरिस्टोब्यूलस सिकन्दर के समकालीन थे।
- झेलम नदी के तट पर राजा पोरस तथा सिकन्दर के मध्य युद्ध हुआ था। इस युद्ध को हाइडस्पीरा के युद्ध के नाम से जाना जाता है।

10. मौर्य साम्राज्य (322-184 ई.पू.) (Mauryan Empire)

25 वर्ष की अवस्था में चन्द्रगुप्त मौर्य तथा विष्णुगुप्त ने अपनी योग्यता तथा कूटनीति से अन्तिम नन्द शासक धनानंद के विशाल साम्राज्य को **ध्वस्त करके मौर्य वंश की आधारशिला रखी।**

I. **चन्द्रगुप्त मौर्य (321-297 ई.पू.)**—305 ई.पू. में सीरिया के यूनानी शासक सेल्यूकस को पराजित किया तथा उसने सेल्यूकस की पुत्री **हेलेन** से विवाह किया। **मेगस्थनीज ने मौर्य प्रशासन पर 'इण्डिका'** नामक पुस्तक लिखी। चन्द्रगुप्त ने भद्रबाहु से जैन धर्म की दीक्षा ली तथा 298 ई. पू. उसकी मृत्यु हो गई।
चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरू कौटिल्य थे जिन्होंने प्रसिद्ध व महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ अर्थशास्त्र की रचना की।

II. **बिन्दुसार (297-272 ई.पू.)**—यह चन्द्रगुप्त मौर्य का उत्तराधिकारी पुत्र था। उसे **'अमित्रघात'** भी कहा जाता है।
इनके दरबार में एक प्रसिद्ध चिकित्सक जीवक निवास करता था। जिसे बिंदुसार ने भगवान बुद्ध के निजी चिकित्सक के रूप में भेजा था।

III. **अशोक (273-232 ई.पू.)**—अशोक ने अपने **99 भाइयों** की हत्या कर राजगद्दी प्राप्त की। अपने शासनकाल के चार वर्षों बाद **269 ई.पू. में राज्याभिषेक** कराया। उसने **261 ई.पू.** में **कलिंग पर विजय** प्राप्त की, परन्तु भयानक रक्तपात व नरसंहार देखकर वह द्रवित हो उठा जिसके फलस्वरूप उसने **उपगुप्त** से शिक्षा प्राप्त कर बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। अशोक को 'देवनाम प्रियदर्शी' के नाम से भी जाना जाता है।
  - सम्राट अशोक ने सम्पूर्ण एशिया में तथा अन्य महाद्वीपों में बौद्ध धर्म का प्रसार व प्रचार किया। अशोक के प्रशासन के दौरान बौद्ध धर्म के प्रसार व प्रचार की पुष्टि टोपरा सम्पादन द्वारा होती है। यह ब्राह्मी लिपि में लिखा गया है।
  - दक्षिण भारत से प्राप्त यास्की एवं गुजर्रा अभिलेखों में अशोक का नाम अशोक तथा पुराणों में अशोकवर्धन नामोल्लेख हुआ है।
  - अशोक के अधीन कश्मीर, गुर्जर व कर्नाटक के राज्य भी सम्मिलित थे।
  - मौर्य काल में एग्रोनोमई अधिकारी मार्ग निर्माण से सम्बन्धित थे।
  - मौर्य काल में सीता से तात्पर्य राजकीय भूमि से प्राप्त होने वाली आय से है।
  - अशोक स्तम्भ की लिपि ब्राह्मी है।

11. मौर्योत्तर काल (Later Maurya Age)

अशोक की मृत्यु के बाद धीरे–धीरे मौर्य साम्राज्य का पतन होने लगा। ई.पू. 185 ई. पू. में अन्तिम मौर्य शासक बृहद्रथ की हत्या उसके महासेनापति ने पुष्यमित्र शुंग ने कर दी तथा शुंग वंश की नींव रखी।

I. शुंग वंश (Shunga Dynasty)

- शुंग ब्राह्मण वंशीय शासक थे। इस राजवंश का अन्तिम राजा देवभूति था।
- भरहुत स्तूप का निर्माण **पुष्यमित्र शुंग** ने करवाया था।
- इंडो–यूनानी शासक मिनांडर को पुष्यमित्र शुंग ने पराजित किया था।
- शुंग शासकों ने अपनी राजधानी **विदिशा** में स्थापित की थी।

II. आन्ध्र सातवाहन वंश (Andhra-Satvahana Dynasty)

- सुशर्मा कण्व के सेनापति **सिमुक** ने 27 ई.पू. में उसका वध कर सातवाहन वंश की नींव डाली। सिमुक शतकर्णि, गौतमीपुत्र शतकर्णि, वसिष्ठीपुत्र, पुलुमावी तथा यज्ञश्री शतकर्णि इस वंश के प्रमुख शासक थे, जिन्होंने लगभग **250 ई.** तक शासन किया। **यज्ञश्री शतकर्णि** इस वंश का अन्तिम महत्त्वपूर्ण शासक था।
- गौतमी पुत्र **शातकर्णी** (106–130 ई.) इस वंश का सर्वाधिक महान शासक था।
- सातवाहन शासक **'हाल'** ने **'गाथासप्तशती'** नामक ग्रंथ की रचना की थी।
- इस काल में **ताँबे, काँसे** के अलावा **शीशे के सिक्के** काफी प्रचलित थे।

12. भारत के यवन राज्य (Greek States in India)

I. शक (Shaka)

- भारत के शक राजा अपने आपको **क्षत्रप** कहते थे।
- रुद्रदामन ने सातवाहन नरेश शतकर्णी को दो बार हराया तथा चन्द्रगुप्त मौर्य के मंत्री द्वारा बनवाई गई सुदर्शन झील के पुनर्निर्माण में भारी धन व्यय किया। जूनागढ़ का अभिलेख रुद्रदामन प्रथम से सम्बन्धित है।

II. कुषाण (Kushanas)

- कुषाण वंश का संस्थापक **कुजुल कडफिसेस** था।
- सर्वप्रथम **विम कडफिसेस** ने भारत में कुषाण सत्ता की स्थापना की और **सर्वप्रथम बड़ी मात्रा में सोने के सिक्के जारी किये।**
- कनिष्क ने 78 ई. में शक सम्वत् प्रचलित किया था, तथा इसी वर्ष कनिष्क का राज्याभिषेक हुआ था।
- कनिष्क के शासनकाल के तीसरे वर्ष में बौद्ध सन्त वाला द्वारा सारनाथ में बोधिसत्व प्रतिमा लेख स्थापित किया गया।
- कनिष्क की प्रथम राजधानी **पेशावर (पुरुषपुर)** तथा दूसरी राजधानी मथुरा थी।
- कनिष्क के दरबार में **पार्श्व, वसुमित्र, अश्वघोष** तथा **नागार्जुन** जैसे बौद्ध दार्शनिक भी निवास करते थे।
- बुद्धचरित अश्वघोष की प्रमुख रचना है।
- नागार्जुन को **भारत का आइन्सटीन** कहा जाता है। इन्होंने अपनी पुस्तक **माध्यमिक सूत्र में 'सापेक्षता का सिद्धान्त'** प्रतिपादित किया।
- भारत में सर्वाधिक शुद्ध सोने के सिक्कों का **प्रचलन कुषाणों ने चलवाया।**
- प्रसिद्ध पुस्तक **'कामसूत्र'** की रचना **'वात्स्यायन'** द्वारा इसी काल में की गई।

- कनिष्क के **राजवैद्य चरक (चरक संहिता के रचनाकार)** थे।
- यह काल गांधार शैली की उत्पत्ति का काल भी था।

13. गुप्त वंश (240-480 ई.) (Gupta Dynasty)

गुप्त वंश का उदय चौथी शताब्दी में हुआ था जिसने लगभग 300 वर्ष तक शासन किया। इस वंश के शासकों ने बड़े साम्राज्य की स्थापना की, जिसमें पूरा उत्तर भारत शामिल था। इस वंश के शासन काल में कला, वास्तुकला तथा साहित्य के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई।

I. श्रीगुप्त (240-280 ई.) (Srigupta)

श्रीगुप्त गुप्त वंश का संस्थापक था। उसने 240–280 ई. तक शासन किया। उसने महाराज की उपाधि प्राप्त की। उसके बाद उसका पुत्र घटोत्कच शासक बना।

II. चन्द्रगुप्त प्रथम (320–335 ई.) (Chandragupta I)

चन्द्रगुप्त प्रथम इस वंश का प्रथम प्रमुख शासक था तथा उसे **गुप्त संवत्** का संस्थापक माना जाता है।

III. समुद्रगुप्त (335–375 ई.) (Samudragupta)

उसे **भारत का नेपोलियन** भी कहते हैं।

(i) हरिषेण के **'प्रयागप्रशस्ति'** , इलाहाबाद का स्तंभ समुद्रगुप्त से सम्बन्धित है।
- समुद्रगुप्त की एक अन्य उपाधि पृभित्या प्रथम वीर भी थी।

(ii) समुद्रगुप्त उच्चकोटि का कवि एवं संगीतज्ञ भी था, इसी कारण उसे **'कविराज'** कहा जाता था।

(iii) समुद्रगुप्त को सिक्कों पर **वीणा बजाते हुए** चित्रित किया गया है।

IV. चन्द्रगुप्त द्वितीय (380–415 ई.) (Chandragupta II)

समुद्रगुप्त के बाद उसका पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय शासक बना। चद्रगुप्त द्वितीय के अन्य नाम देवगुप्त, देवराज, तथा देवश्री और उपधियाँ क्रमशः विक्रमांक, विक्रमादित्य और परमभागवत थी। प्राचीन भारत की श्रेष्ठतम साहित्य प्रतिभा **कालिदास** उसकी राज्यसभा के रत्न थे। **धनवन्तरि** जैसे प्रसिद्ध चिकित्सक इसी के शासनकाल में हुए थे। चीनी यात्री फाह्यान भी इसी के शासनकाल में आया था।

प्रभावती गुप्त वंश के शासक चन्द्रगुप्त II की पुत्री थी उनका विवाह 410 ई. में वाकाटक नरेश रुद्रसेन II से हुआ था।

पुणे ताम्रपात्र अभिलेख से जानकारी प्राप्त होती है कि प्रभावती स्वयं शासक बनी थी।

- दिल्ली में कुतुबमीनार के समीप **महरौली का स्तम्भ** का निर्माण चन्द्रगुप्त द्वितीय ने करवाया था। इसके पुत्र कुमार गुप्त प्रथम ने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। इसे **ऑक्सफोर्ड ऑफ महायान बौद्ध** कहा गया।
- इसी वंश के शासक स्कंदगुप्त के शासनकाल में **हूण जाति के लोगों ने अपने आक्रमण गुप्त राज्य पर आरम्भ** कर दिये थे।
- स्कन्दगुप्त ने गिरनार पर्वत पर स्थित **सुदर्शन झील** का पुनरुद्धार करवाया।
- गुप्त युग में शान्ति, समृद्धि का चतुर्मुखी विकास हुआ, जिसके फलस्वरूप इस काल को भारतीय इतिहास में स्वर्ण युग के नाम से जाना जाता है।
- गुप्त वंश के पश्चात् ईसा की छठी सदी के मध्य हूणों ने पंजाब पर अपना वर्चस्व स्थापित किया। हूण खानाबदोश लोग थे।
- हूणों द्वारा सर्वप्रथम 455 ई. में भारत पर आक्रमण किया गया, किन्तु स्कन्दगुप्त के पराक्रम के सामने उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। भारत पर आक्रमण करने वाले हूणों के नेता क्रमशः तोरमाण व मिहिर कुल थे। इसके अतिरिक्त खुशनबाज को हूणों का प्रथम राजा माना जाता है।
- जेजाक भुक्ति या जिझौति गुप्त काल का एक प्रसिद्ध राज्य था, जो यमुना और नर्मदा नदियों के बीच में स्थित है। इसका वर्तमान नाम बुन्देलखण्ड है। इस पर चन्देल राजाओं का शासन था।
- विक्रम संवत् की शुरुआत 57 ई. पू. में हुई। विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने की उपलब्धि के रूप में इसकी शुरुआत की।
- आर्यभट्ट प्राचीन भारत के एक महान गणितज्ञ थे इन्होंने आर्यभट्टीय ग्रन्थ की रचना की।
- कुमारसम्भव महाकवि कालिदास द्वारा लिखित तथा कार्तिकेय के जन्म से सम्बन्धित एक महाकाव्य है जिसकी गणना संस्कृत के पंच महाकाव्यों में की जाती है।
- भूमि स्पर्श मुद्रा की सारनाथ बुद्ध प्रतिमा गुप्त काल से सम्बन्धित है।

14. पुष्यभूति या वर्धन राजवंश (Pushyabhuti or Vardhan Dynasty)

- **हर्षवर्धन (606-647 ई.) (Harsh Vardhan)**
  - पुष्यभूति, वर्धन वंश का संस्थापक था। पुष्यभूति ने थानेश्वर को अपनी राजधानी बनाया। वह 'शिव' का परम भक्त था।
  - हर्षवर्धन, राज्यवर्धन के बाद थानेश्वर के सिंहासन पर बैठा। हर्षवर्धन के विषय में बाणभट्ट के 'हर्षचरित' से व्यापक जानकारी मिलती है। हर्षवर्धन ने लगभग 41 वर्ष (606-647AD) शासन किया।
  - हर्ष बौद्ध धर्म का अनुयायी था।
  - हर्ष ने अपनी राजधानी **थानेश्वर** से **कन्नौज** स्थानान्तरित की थी तथा हर्ष की सेना को 620 ई. में चालुक्य नरेश **पुलकेशिन द्वितीय** ने नर्मदा के तट पर पराजित किया था।
  - उसने संस्कृत में '**नागानन्द, रत्नावली** तथा **प्रियदर्शिका**' नामक नाटकों की रचना की थी।
  - हर्षवर्धन ने अपने राजदरबार में **कादम्बरी** और **हर्षचरित** के रचयिता **बाणभट्ट, सुभाषितवलि** के रचयिता **मयूर** और चीनी विद्वान **ह्वेनसांग** (सी–यू–की का रचयिता) को आश्रय प्रदान किया था।
  - **यात्रियों का राजकुमार, नीति का पंडित** एवं **शाक्यमुनि** कहे जाने वाले **ह्वेनसांग** को चीनी शासक **ताई सुंग** (629 ई.) ने हर्षवर्धन के दरबार में भेजा था।
  - नागानन्द (नागों का आनन्द), राजा हर्षवर्धन द्वारा रचित एक संस्कृत नाटक है। यह संस्कृत के सर्वश्रेष्ठ नाटकों में से एक है। यह नाटक पाँच अंकों में लिखा गया है।
  - 'हर्षचरित' बाणभट्ट द्वारा रचित प्रसिद्ध संस्कृत ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में हर्षवर्धन के जीवन तथा तत्कालीन भारत के इतिहास का वर्णन किया गया है।

15. राजपूत काल (800-1200 ई.)
(Rajput Age)

हर्ष की मृत्यु के बाद उत्तरी–पश्चिमी भारत में छोटे–छोटे स्वतन्त्र राज्यों का उदय हुआ। इन विभिन्न छोटे–छोटे स्वतन्त्र राज्यों के शासक राजपूत थे, जिन्होंने 1200 ई. तक लगभग 500 वर्षों तक शासन किया। भारतीय इतिहास में इस काल को **'राजपूत युग'** के नाम से भी जाना जाता है। मुख्य राजपूत राजाओं में पृथ्वीराज चौहान, जयचन्द, राणा संग्राम सिंह, राणा प्रताप सिंह आदि नाम शामिल हैं। इतिहासकार–वेदव्यास, सी. वी. वैध, गौरीशंकर ओझा निम्नलिखित थे।

शाही राजपूत–पंजाब के शासक भीमपाल, जयपाल, आनन्दपाल तथा त्रिलोचन पाल इस वंश के महत्वपूर्ण शासक थे। 1021 ई. में महमूद गजनी द्वारा हटाये गये।

I. चौहान वंश (Chauhan Dynasty)

यह उत्तर भारत का सबसे शक्तिशाली वंश था। पृथ्वीराज चौहान इस वंश का वीर, प्रतापी एवं अन्तिम शासक था जिसका मोहम्मद गौरी के साथ तराइन का प्रथम तथा द्वितीय युद्ध हुआ था। **इसी राजवंश के शासन काल में हुई।**

- **वासुदेव** ने चौहान वंश की स्थापना की। इसकी राजधानी **अहिक्षत्र** थी।
- अजयराज ने अजमेर की स्थापना कर **अजमेर** को चौहानों की राजधानी बनाया।
- अजयराज के बाद अर्णोराज शासक बना। इसने पुष्कर में वराह मंदिर का निर्माण करवाया।

(i) विग्रहराज-IV (1153–63 ई.)–यह अर्णोराज का पुत्र था जिसे बीसलदेव भी कहा जाता है। इसने **हरिकेलि** नाटक की रचना की। इसके दरबारी कवि **सोमदेव ने ललितविग्रहराज** की रचना की। **विग्रहराज-IV ने अजमेर में एक संस्कृत मठ बनवाया जिसे आज 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' के नाम से जाना जाता है।** अढ़ाई दिन का झोंपड़ा एक मस्जिद है जिसका निर्माण **कुतुबुद्दीन ऐबक** ने कराया था। **इसकी दीवारों पर ललितविग्रहराज की पंक्तियाँ आज भी अंकित हैं।**

(ii) पृथ्वीराज चौहान तृतीय (1178–92 ई.)–इसने चंदेल राजा परमार्दिदेव को हरा दिया। इसको राय पिथौरा के भी नाम से भी जानते हैं। पृथ्वीराज रासो के लेखक **चन्दबरदाई, जयानक** इसके दरबारी कवि थे। जयानक ने **पृथ्वीराज विजय** की रचना की। पृथ्वीराज चौहान (तृतीय) ने मोहम्मद गौरी से दो युद्ध किए–

(i) तराइन का प्रथम युद्ध (1191 ई.)–इसमें मो. गौरी पराजित हुआ।

(ii) तराइन का द्वितीय युद्ध (1192 ई.)–इसमें मो. गौरी ने पृथ्वीराज-III को हरा दिया।

इस युद्ध के बाद चौहानों की शक्ति समाप्त हो गई और तुर्क राज्य की स्थापना हुई।

II. गहड़वाल (राठौर) वंश (Gahadwal/Rathore Dynasty)

- गहड़वाल वंश की स्थापना चन्द्रदेव ने (1080-85 ई.) की थी। इसकी राजधानी **कन्नौज** एवं द्वितीय राजधानी **वाराणसी** थी। इसका पुत्र महिचन्द्र एक महत्त्वपूर्ण शासक था।

(i) चन्द्रदेव–यह मदनचन्द्र का पुत्र था जिसने उत्तर भारत में महमूद की अनुपस्थिति में राष्ट्रकूट के राजा गोपाल को पराजित किया। इसकी राजधानी बनारस थी। चन्द्रदेव ने मुस्लिमों पर तरुक्षदंड नाम का कर लगाया, जो उनसे आगामी युद्ध पर आने वाले खर्च के लिए लिया जाता था।

(ii) गोविन्दचन्द्र–इसके शासन में कन्नौज ने अपनी ख्याति पुनः प्राप्त की । इसके मंत्री लक्ष्मीधर ने कानून और प्रक्रिया पर **कृत्य कल्पतरु(कल्पद्रुम)** की रचना की।

गोविन्दचन्द्र की एक **रानी कुमारदेवी** ने सारनाथ में धर्मचक्र–जिन विहार का निर्माण करवाया।

(iii) जयचंद–यह इस वंश का अंतिम शासक था। पृथ्वीराज-III इसका समकालीन था। चन्दबरदाई कृत पृथ्वीराज रासो के अनुसार पृथ्वीराज तृतीय ने जयचंद की पुत्री संयोगिता का अपहरण कर लिया था। मोहम्मद गौरी ने **1194 में चन्दावर के युद्ध** में जयचन्द को मार डाला।

III. बुन्देल या चन्देल वंश (Bundel/Chandel Dynasty)

इस वंश की स्थापना नन्नुक ने की। यशोवर्मन इस वंश का प्रथम प्रतापी एवं स्वतन्त्र शासक था। जिसने बुन्देलखण्ड पर शासन किया। परमाल अथवा परमर्दन चंदेल इस वंश का अन्तिम शासक था। इसी के शासनकाल में तुर्कों ने चंदेल राज्य पर आक्रमण किया था जिसके फलस्वरूप चन्देल वंश के पतन की शुरुआत हुई। इसी वंश के शासनकाल में खजुराहो मन्दिर का निर्माण हुआ। खजुराहो के मन्दिरों में कंदरिया महादेव सर्वोत्तम हैं।

IV. परमार वंश (Parmar Dynasty)

इस वंश का संस्थापक **उपेन्द्र** था। श्री हर्ष इस वंश का प्रथम स्वतन्त्र शक्तिशाली शासक था जिसने राष्ट्रकूटों को पराजित किया। राजा भोज के नाम पर भोपाल शहर बसा, अपनी दानशीलता, कला एवं विद्यानुराग के **कारण वह इस वंश के सर्वाधिक प्रसिद्ध राजा थे।**

- राजा भोज ने **कविराज** की उपाधि धारण की। उसने **चिकित्साशास्त्र,** खगोलशास्त्र, धर्म, व्याकरण, स्थापत्यशास्त्र आदि पर बीस से अधिक ग्रंथों की रचना की।
- भोज ने धारानगरी का विस्तार किया। भोजशाला के रूप में एक प्रसिद्ध **महाविद्यालय** की स्थापना की।
- भोज की मृत्यु पर पंडितों को बहुत दुःख हुआ। उसकी मृत्यु पर यह कहावत प्रचलित हो गई कि **''अद्यधारा निराधारा निरालम्बा सरस्वती''** (विद्या और विद्वान दोनों निराश्रित हो गये।)
- भोज ने चित्तौड़ में त्रिभुवन नारायण मंदिर का निर्माण करवाया।

V. सेन वंश (Sen Dynasty)

सामंत सेन सेन वंश का संस्थापक था जिसने बंगाल तथा बिहार पर अपना शासन किया। इसकी राजधानी नदिया (लखनौती) थी। लक्ष्मण सेन इस वंश का अन्तिम प्रसिद्ध राजा था। **गीतगोविन्द** के रचयिता जयदेव इसके दरबारी कवि थे।

- **दान सागर,** अद्भुत सागर नामक ग्रंथ की रचना सेन शासक बल्लालसेन द्वारा की गई थी।
- सेन राजवंश ऐसा प्रथम राजवंश था, जिसने अपना अभिलेख सर्वप्रथम हिन्दी में उत्कीर्ण करवाया।
- लक्ष्मण सेन बंगाल का अंतिम हिन्दू शासक था।

VI. कल्चुरी वंश (Kalchuri Dynasty)

इस वंश का संस्थापक 'कोकल्ल' था। जिसने 'त्रिपुरी' को अपनी राजधानी बनाकर शासन किया। इस वंश की दो शाखाएँ थीं। गंगेयदेव इस वंश का शक्तिशाली शासक था। जिसको विक्रमादित्य की उपाधि प्राप्त हुई।

VII. पल्लव वंश (Pallava Dynasty)

- पल्लव वंश का वास्तविक संस्थापक **सिंहविष्णु** (574-600 ई.) को माना जाता है। इसकी राजधानी **कांचीपुरम्** थी।
- पल्लव नरेश **महेन्द्र वर्मन प्रथम** (600-630 ई.) महान् निर्माता कवि और संगीतज्ञ था। इसने **मत्त विलास प्रहसन** नामक हास्य ग्रंथ की रचना की, इसने **भगवदज्नुकीयम** नामक ग्रंथ भी लिखा।
- **नरसिंहवर्मन प्रथम** (630-668 ई.) पल्लव वंश का सर्वाधिक यशस्वी शासक था। उसने बादामी के चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय पराजित करने के बाद **'विजय स्तम्भ'** स्थापित किया तथा **'वातापीकोण्ड'** की उपाधि धारण की।
- नरसिंहवर्मन ने **महाबलीपुरम नगर** की स्थापना की तथा महाबलीपुरम के प्रसिद्ध एकात्मक **रथों** (**सात पैगोडा**) का निर्माण भी उसी ने करवाया।
- दक्षिण भारत के पल्लवों के रथ मन्दिरों में **भीमरथ** सबसे बड़ा तथा **द्रोपदी रथ** सबसे छोटा था।
- नरसिंहवर्मन के ही शासनकाल में चीनी यात्री **ह्वेनसांग** ने कांची की यात्रा की थी।
- नरसिंहवर्मन द्वितीय ने काँची के **कैलाशनाथ मन्दिर** तथा **महाबलीपुरम्** के **शोर मन्दिर** का निर्माण करवाया था।
- महाकवि दण्डिन नरसिंह वर्मन द्वितीय का समकालीन था।
- नन्दिवर्मन द्वितीय ने काँची के मुक्तेश्वर व **बैकुण्ठ मेरूमल मन्दिर** का निर्माण करवाया। **वैष्णव** संत **तिरुमंगाई अलवार** इसका समकालीन था।
- दक्षिण भारत की पल्लव वास्तुकला ही दक्षिण भारत की **द्रविड़ कला शैली** का आधार बनी।
- 1891 ई. में ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट की स्थापना की थी जिसे मैसूर ओरियण्टल लाइब्रेरी के रूप में जाना जाता है। कर्नाटक के रुद्रपटना में जन्मे "आर शामाशास्त्री" ने न केवल ताड़ के पत्तों पर लिखी यद्यपि संस्कृत की हस्तलिपियों को एकत्रित किया।
- वर्ष 1100 ई. में निर्मित मन्दिर जो भुवनेश्वर के अन्य मन्दिरों पर प्रधानता रखता है। वह त्रिभुवनेश्वर लिंगराज मन्दिर है।
- तेलुगू भाषा के 8 प्रसिद्ध कवि कृष्णदेवराय के दरबार में थे जो अष्ट दिग्गज के नाम से जाने जाते थे। कृष्ण देवराय भी आन्ध्र भोज के नाम से विख्यात थे और विजयनगर शासक कृष्ण देवराय ने तेलुगू में अमुक्तमाल्पादा तथा संस्कृत में ऊषापरिणयम पुस्तक लिखी।

VIII. गुजरात के चालुक्य (Chalukayas of Gujarat)

गुजरात में इस वंश का संस्थापक **'मूलराज प्रथम'** था। जयसिंह सिद्धराज इस वंश का **सर्वाधिक शक्तिशाली** एवं कुमारपाल इस वंश का **अन्तिम शासक** था। इसकी मृत्यु के बाद इस वंश का क्रमशः पतन हो गया। हेमचन्द्र कुमारपाल के सलाहकार थे।

वातापी के चालुक्य

- इस वंश का संस्थापक **जयसिंह** था।
- इस वंश के शासक शैव मत के अनुयायी थे।
- इस वंश का प्रथम प्रमुख शासक **पुलकेशिन प्रथम** (535-566 ई.) था। इसने बहुत से **अश्वमेध** यज्ञ किये थे।
- इस वंश की राजधानी **वातापी** (**आधुनिक बादामी**) थी।
- पुलकेशिन द्वितीय वातापी के चालुक्य राजवंश का सर्वाधिक योग्य व साहसी शासक था। उसने हर्षवर्धन को नर्मदा तट पर पराजित किया। इस विजय के बाद उसने **परमेश्वर** की उपाधि धारण की।
- पुलकेशिन द्वितीय ने पर्शिया के राजा खुसरो द्वितीय के दरबार में अपना दूत भेजा।
- ह्वेनसांग पुलकेशिन द्वितीय के शासनकाल में चालुक्य साम्राज्य की यात्रा पर आया।
- चालुक्य उस समय की जलसैन्य शक्ति के रूप में प्रसिद्ध थे।
- ऐहोल अभिलेख का सम्बन्ध **पुलकेशिन द्वितीय** से है। **इसका संस्कृत भाषा में लेखक रविकीर्ति था।**

16. मध्य भारत, उत्तर भारत और दक्कन : तीन साम्राज्यों का युग (8वीं से 10वीं सदी तक)
(Central India, Northern India & Deccan Age of Three Empires)

सातवीं सदी में हर्ष के साम्राज्य के पतन के बाद उत्तर भारत, दक्कन और दक्षिण भारत में अनेक साम्राज्य उत्पन्न हुए। इसमें पाल, प्रतिहार एवं राष्ट्रकूट प्रमुख थे।

I. पाल साम्राज्य (Pala Empire)

- पाल साम्राज्य की स्थापना 750 ई. में **गोपाल** के द्वारा द. भारत में हुई थी।
- धर्मपाल के शासनकाल में कन्नौज पर नियंत्रण के लिए पाल, प्रतिहार एवं राष्ट्रकूटों में त्रिपक्षीय संघर्ष हुआ जिसमें धर्मपाल विजयी हुआ।
- धर्मपाल ने **नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुत्थान किया** और **विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना** की जहाँ वज्रयान शाखा की पढ़ाई कराई जाती थी।

II. प्रतिहार (Pratiharas)

- इस वंश की स्थापना **हरिश्चन्द्र** ने की थी।
- नागभट्ट प्रथम (730 - 756 ई.)—यह गुर्जर प्रतिहार वंश का वास्तविक संस्थापक था।
- उसके दरबार में **राजशेखर** निवास करते थे जो उसके राजगुरु भी थे। राजशेखर की रचनाएँ—**कर्पूरमंजरी, काव्यमीमांसा, हरविलास, भुवनकोश, बाल रामायण**।
- इस वंश का अंतिम शासक **यशपाल** था।

III. राष्ट्रकूट (Rashtrakutas)

- राष्ट्रकूट वंश का संस्थापक **दंतिदुर्ग** था जिसने शोलापुर के पास **मान्यखेत** या **मलखेड़** को अपनी राजधानी बनाया।

17. चोल साम्राज्य (नवीं से बारहवीं सदी तक) [Chola Empire (9th to 12th Century AD)]

- चोल साम्राज्य का संस्थापक **विजयालय** (850 ई. से 871 ई.) था, ये पहले पल्लवों का सामंत था। उसने 850 ई. में तंजावुर पर कब्जा किया और उसे अपनी राजधानी बनाया।
- विजयालय ने तंजौर पर अधिकार करने के बाद **नरकेसरी** की उपाधि धारण की।
- राजराज प्रथम को इस वंश का वास्तविक संस्थापक माना जाता है।
- राजराज-I के पुत्र राजेन्द्र–प्रथम ने पूरे श्रीलंका को चोल साम्राज्य में मिला लिया।
- राजेन्द्र-I ने बंगाल के शासक महीपाल को हरा दिया। उसने उत्तरी–पूर्वी पराजित राजाओं को गंगाजल से भरे कलश अपनी राजधानी **गंगैकोण्डचोलपुरम** लाने को कहा और उसे चोलगंग नामक तालाब में एकत्रित करवाया। इस उपलक्ष्य में उसने **गंगैकोंडचोल** की उपाधि भी ग्रहण की।

18. प्राचीन भारत के ग्रन्थ और उनके लेखक [Ancient Indian Writers]

	ग्रन्थ	लेखक
1	अष्टाध्यायी	पाणिनि
2	रामायण	वाल्मीकि
3	महाभारत	वेदव्यास
4	अष्टसाहस्त्रिक सूत्र, प्रज्ञापारमिता सूत्रशास्त्र, माध्यमिका सूत्र	नागार्जुन
5	बुद्धचरित, सारिपुत्र प्रकरण, सूत्रालंकार वज्रसूचि, सौंदर्यानन्द, श्रद्धोत्पाद	अश्वघोष
6	मुद्राराक्षस, देवीचन्द्रगुप्त	विशाखदत्त
7	अर्थशास्त्र	चाणक्य
8	महाभाष्य	पतंजलि
9	कुमारसंभवम्, अभिज्ञानशाकुंतलम्, विक्रमोर्वशीयम्, मेघदूतम्, रघुवंशम्, मालविकाग्निमित्रम्, ऋतुसंहारम्	कालिदास
10	स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगंधरायण	भास
11	नागानंद, रत्नावली, प्रियदर्शिका	हर्षवर्धन
12	हर्षचरित, कादंबरी	बाणभट्ट
13	विक्रमांक चरित	बिल्हण
14	पृथ्वीराज रासो	चंदबरदाई
15	राजतरंगिणी	कल्हण
16	चौरपंचाशिका	बिल्हण
17	रसमाला, कीर्ति कौमुदी	सोमेश्वर
18	कर्पूरमंजरी	राजशेखर
19	इंडिका	मैगस्थनीज
20	चरकसंहिता	चरक
21	सुश्रुत संहिता	सुश्रुत
22	मृच्छकटिकम्	शूद्रक
23	संगीतरत्नाकर	शार्गदेव
24	मीताक्षरा	विज्ञानेश्वर
25	किरातार्जुनीयम्	भारवि
26	पंचतंत्र	विष्णु शर्मा
27	न्याय भाष्य, कामसूत्र	वात्स्यायन
28	काव्यादर्श, दशकुमारचरित	दंडी
29	वासवदत्ता	सुबंधु
30	सूर्य सिद्धांत	आर्यभट्ट
31	बृहत् संहिता, पञ्च सिद्धान्तिका, बृहज्जातिका, लघुजातिका	वाराहमिहिर
32	गीतगोविन्दम्	जयदेव
33	अनर्घराघव	मुरारि
34	आयुर्वेद सर्वस्व, राजमार्तंड, व्यवहार समुच्चय, शब्दानुशासन, युक्तिकल्पतरु, राजमृगिका	राजा भोज
35	भोजप्रबंध	बल्लाल
36	शिशुपाल वध	माघ
37	नैषधीयचरितम्	श्रीहर्ष
38	मालती माधव, महावीर चरित, उत्तररामचरितं	भवभूति
39	साहित्यदर्पणः	भामह
40	ध्वन्यालोकः, प्रमोदचन्द्र	आनंदवर्धन
41	व्यक्तिविवेकः	महिमभट्ट
42	काव्यादर्श	मम्मट
43	वेणिसंहार (Venisamhara)	भट्ट नारायण
44	प्रमाण मीमांसा	हेमचन्द्र
45	बृहत्कथामंजरी	क्षेमेन्द्र
46	कातन्त्र (व्याकरण)	सर्ववर्मन्
47	अष्टांगसंग्रह, सिद्धांत शिरोमणि, लीलावती (first book of algebra)	भास्कराचार्य
48	माधव निदान	माधवकर
49	निघंटु	यास्क
50	रसरत्नाकर	नागार्जुन
51	तत्त्व कौमुदी, तत्त्व शारदी, न्यायवर्तिका, न्यायसूत्र धारा, न्यायकणिका, योगसारसंग्रह	वाचस्पति मिश्र
52	योगवर्तिका, योगसारसमग्र	विज्ञान भिक्षु
53	तिलकमंजरी, यशस्तिलक	धनपाल
54	कुट्टनीमतम्	दामोदरगुप्त
55	तत्त्वशुद्धि	उदयन

	ग्रन्थ	लेखक
56	न्यायमंजरी	जयंत
57	न्यायतत्त्व योगरहस्य	नाथमुनि
58	गीतसंग्रह, महापुरुष निर्णय, सिद्धत्रय, अगम प्रामाण्य	यामुनाचार्य
59	धूर्तव्यामा, समरादित्य कथा	हरिभद्र
60	कुवलयमाला	उद्योतनसूरि
61	अजित शान्तिस्तव	नंदिसेण
62	सतसई	हाल
63	बृहत्कथा	गुणाढ्य

हम अतीत के बारे में क्या जान सकते हैं?

हम अपने अतीत के बारे में कई बातें जान सकते हैं, जैसे–

- लोग क्या खाते थे, किस तरह के कपड़े पहनते थे, किस तरह के घर में रहते थे।
- हम शिकारियों, चरवाहों, किसानों, शासकों, व्यापारियों, पुजारियों, शिल्पकारों, कलाकारों, संगीतकारों और वैज्ञानिकों के जीवन के बारे में पता लगा सकते हैं।
- हम बच्चों द्वारा खेले जाने वाले खेलों, उनके द्वारा सुनी गई कहानियों, उनके द्वारा देखे गए नाटकों, उनके द्वारा गाए गए गीतों के बारे में भी पता लगा सकते हैं।

लोग कहाँ रहते थे?

- लोग कई लाख वर्षों से नदियों के किनारे रहते आये हैं। यहाँ रहने वाले शुरुआती लोगों में से कुछ कुशल संग्राहक थे, यानी वे लोग जो अपना भोजन इकट्ठा करते थे।
- वे अपने भोजन के लिए जड़, फल और अन्य वनोपज एकत्र करते थे। कभी–कभी वे जानवरों का भी शिकार करते थे।
- सुलेमान और किरथर पहाड़ियों में कुछ ऐसे स्थान है जहाँ लगभग 8000 साल पहले महिलाओं और पुरुषों ने सबसे पहले गेहूँ और जौ जैसी फसलें उगाना शुरू किया था।
- लोग भेड़, बकरी और मवेशियों जैसे जानवरों की भी देखभाल करने लगे और गाँवों में रहने लगे।
- चावल सबसे पहले विंध्य के उत्तर में लगाया गया था।
- लगभग 2500 साल पहले शहर, गंगा और उसकी सहायक नदियों के किनारे और समुद्री तटों पर विकसित हुए थे।
- प्राचीन काल में, गंगा के दक्षिण में गंगा और उसकी सहायक नदियों के साथ का क्षेत्र मगध के नाम से जाना जाता था जो अब बिहार राज्य में स्थित है।

लोगों की आवाजाही

- पुरुषों और महिलाओं ने आजीविका की तलाश में और बाढ़ या सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए यात्रा की।
- लोगों की इन यात्राओं ने हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को समृद्ध किया।
- लोगों ने कई सैकड़ों वर्षों में पत्थर तराशने, संगीत बनाने और यहाँ तक कि खाना पकाने के नए तरीकों को साझा किया है।

भारत के विभिन्न नाम

हमारे देश को भारत और इंडिया दोनों शब्दों से जाना जाता है।

- इंडिया शब्द सिंधु से आया है, जिसे संस्कृत में सिंधु कहा जाता है। लगभग 2500 साल पहले उत्तर–पश्चिम से आए ईरानियों और यूनानियों ने इसे हिंदो या इंडोस कहा, और नदी के पूर्व की भूमि को इंडिया कहा गया।
- भरत नाम उन लोगों के समूह के लिए इस्तेमाल किया गया था जो उत्तर–पश्चिम में रहते थे, और जिनका उल्लेख ऋग्वेद में किया गया है, जो संस्कृत की सबसे प्रारंभिक रचना है (लगभग 3500 साल पहले)। बाद में इसका इस्तेमाल देश के लिए किया गया।

पांडुलिपि

- एक तरीका जिसके द्वारा हम अपने अतीत के बारे में पता लगा सकते हैं, वह है उन किताबों को पढ़ना जो बहुत पहले लिखी गई थीं।
- इन पुस्तकों को पांडुलिपि कहा जाता है क्योंकि ये हाथ से लिखी गई थीं।
- ये ताड़ के पत्तों पर या हिमालय में उगने वाले बर्च नामक पेड़ की विशेष रूप से तैयार छाल पर लिखे गए थे।
- ये पुस्तकें सभी प्रकार के विषयों से संबंधित है–धार्मिक विश्वास और प्रथाएँ, राजाओं का जीवन, चिकित्सा और विज्ञान। इसके अलावा, महाकाव्य, कविता, नाटक भी शामिल थे।
- इनमें से कई संस्कृत में लिखे गए थे, अन्य प्राकृत (सामान्य लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषाएँ) और तमिल में थे।

शिलालेख

- शिलालेख अपेक्षाकृत कठोर सतहों जैसे पत्थर या धातु पर लिखे गए लेख हैं।
- अतीत में, जब राजा चाहते थे कि उनके आदेश अंकित हों ताकि लोग उन्हें देख सकें, पढ़ सकें और उनका पालन कर सकें, उन्होंने इस उद्देश्य के लिए शिलालेखों का इस्तेमाल किया।
- अन्य प्रकार के शिलालेख भी हैं, जहाँ पुरुषों और महिलाओं (राजाओं और रानियों सहित) ने जो कुछ किया, उसे दर्ज किया।

अशोक के शिलालेख

लगभग 2250 साल पहले का एक शिलालेख, वर्तमान अफगानिस्तान के कंधार में पाया गया था। यह अशोक नामक शासक के आदेश पर अंकित किया गया था। यह शिलालेख दो अलग–अलग लिपियों और भाषाओं, ग्रीक (शीर्ष) और अरामी (नीचे) में अंकित किया गया था, जो इस क्षेत्र में उपयोग किए गए थे।

पुरातात्विक साक्ष्य

- इतिहासकार पांडुलिपियों, शिलालेखों और पुरातत्व से मिली जानकारी को संदर्भित करने के लिए स्रोत शब्द का उपयोग करते हैं।
- पुरातत्वविद् वह व्यक्ति होता है जो पत्थर और ईंट से बनी इमारतों के अवशेषों, पेंटिंग और मूर्तिकला का अध्ययन करता है।
- ये उपकरण, हथियार, बर्तन, धूपदान, गहने और सिक्के खोजने के लिए खोज और खुदाई भी करते हैं।

- ये यह पता लगाने के लिए जानवरों, पक्षियों और मछलियों की हड्डियों की भी तलाश करते हैं कि लोग अतीत में क्या खाते थे।

अतीत के विभिन्न अर्थ

- चरवाहों या किसानों का जीवन राजाओं और रानियों के जीवन से भिन्न था, व्यापारियों का जीवन शिल्पकारों के जीवन से भिन्न था। यह आज भी सच है क्योंकि देश के विभिन्न हिस्सों में लोग विभिन्न प्रथाओं और रीति–रिवाजों का पालन करते हैं।
- पुरातत्व ने हमें अतीत में सामान्य लोगों के बारे में अधिक जानने में मदद नहीं की क्योंकि उन्होंने जो किया उसका रिकॉर्ड नहीं रखा। जबकि, राजा अपनी जीत और उनके द्वारा लड़े गए युद्धों का रिकॉर्ड रखते थे।

तिथियों का मतलब

- वर्षों की गणना ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा मसीह के जन्म की तारीख से की जाती है।
- मसीह के जन्म से पहले की सभी तिथियों को पीछे की ओर गिना जाता है और आमतौर पर BC (Before Christ) अक्षर जोड़े जाते हैं।

अँग्रेजी में बी.सी. (हिंदी में ई.पू.) का तात्पर्य 'बिफोर क्राइस्ट' (ईसा पूर्व) होता है। कभी–कभी तुम तिथियों से पहले ए.डी. (हिंदी में ई.) लिखा पाते हो। यह 'एनो डॉमिनी' नामक दो लैटिन शब्दों से बना है तथा इसका तात्पर्य ईसा मसीह के जन्म के वर्ष से है।

कभी–कभी ए. डी. की जगह सी. ई. तथा बी.सी. की जगह बी.सी.ई. का प्रयोग होता है। सी. ई. अक्षरों का प्रयोग 'कॉमन एरा' तथा बी.सी.ई. का 'बिफोर कॉमन एरा' के लिए होता है। हम इन शब्दों का प्रयोग इसलिए करते हैं क्योंकि विश्व के अधिकांश देशों में अब इस कैलेंडर का प्रयोग सामान्य हो गया। भारत में तिथियों के इस रूप का प्रयोग लगभग दो सौ वर्ष पूर्व आरम्भ हुआ था।

कभी–कभी अंग्रेजी के बी.पी. अक्षरों का प्रयोग होता है जिसका तात्पर्य 'बिफोर प्रेजेन्ट' (वर्तमान से पहले) है।

आरंभिक मानव

आखेटक–खाद्य समुदाय के लोग निम्नलिखित कारणों से एक स्थान से दूसरे स्थान पा घूमते रहते थे–

